दैनिक प्रातः कालीन www.knsllive.com मुरादाबाद से प्रकाशित

# क्यूँ न लिखूँ सच

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI NO.UPBIL/2021/83001

वर्ष-04 अंक-16 मुरादाबाद,
07May, 2024 (Tuesday)


मूल्य- 03 रुपये पृष्ठ-08

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीजीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,अलीगढ़, संभल, श्रावस्ती,अलीगढ़ और उत्तराखंड

page 3 महानगर के वरिष्ठ रंगकर्मी डॉ. पंकज दर्पण दिल्ली में सम्मानित
page 5 आज बालाजी धाम पर सुंदरकांड का भव्य.....
page 7 SIMPLE YET MAGICAL INGREDIENT

### गंजम में गरजे पीएम मोदी

# चार जून बीजद की एक्सपायरी डेट



**● प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भाजपा जो कहती है, वो करके दिखाती है। यहां सरकार बनने के बाद हम पूरी शक्ति से संकल्प पत्र में की गई घोषणाओं पर अमल करेंगे।**

**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज ओडिशा में हुंकार भरी। गंजम में एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी राज्य की सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) को घेरा। उन्होंने कहा कि चार जून को बीजद सरकार की एक्सपायरी डेट लिखी हुई है। उन्होंने दावा किया कि 10 जून को भाजपा उम्मीदवार ओडिशा में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, ओडिशा में इस बार दो यज्ञ एकसाथ हो रहे हैं। एक यज्ञ देश में, हिंदुस्तान में मजबूत सरकार बनाने के लिए है और दूसरा यज्ञ ओडिशा में भाजपा के नेतृत्व वाली मजबूत राज्य सरकार बनाने का है। मैं आज ओडिशा भाजपा को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। ओडिशा भाजपा ने, ओडिशा की आकांक्षाओं को, यहां के युवा सपनों को ध्यान में रखते हुए, यहां की बहनों-बेटियों के सामर्थ्य को ध्यान में रखते हुए बहुत ही विजनरी संकल्प पत्र जारी किया है। पीएम मोदी ने बीजद सरकार को घेरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भाजपा जो कहती है, वो करके दिखाती है। यहां सरकार बनने के बाद हम पूरी शक्ति से संकल्प पत्र में की गई घोषणाओं पर अमल करेंगे। बीजद पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा, ₹चार जून पर यहां की बीजद सरकार की एक्सपायरी डेट लिखी हुई है। आज छह मई है, छह जून को भाजपा के मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार तय होगा। 10 जून को भुवनेश्वर में भाजपा के मुख्यमंत्री का शपथ समारोह होगा। मैं आज सबको भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री के शपथ समारोह के लिए निमंत्रण देने आया हूं। पीएम मोदी ने आगे कहा, ओडिशा में बीजद अस्त है, कांग्रेस पस्त है और लोग भाजपा पर आश्वस्त हैं और सिर्फ भाजपा उम्मीदों का नया सूरज बनकर आई है। ओडिशा में बीजद के के छोटे छोटे नेता भी बड़े बड़े बंगलों के मालिक हो गए हैं। बीजद पर लगाए केंद्र से पैसे हड़पने का आरोप प्रधानमंत्री ने ओडिशा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने जल जीवन मिशन के लिए 10 हजार करोड़ रुपये राज्य को दिए। वो पैसे यहां की सरकार सही से खर्च ही नहीं कर पाई। उन्होंने बताया कि गांव की सड़कें बनाने के लिए केंद्र से पैसे भेजे गए, लेकिन गांवों में सड़कों की हालक अभी भी खराब है। दिल्ली से मुफ्त चावल के लिए पैसे भेजे गए, लेकिन बीजद सरकार इस योजन पर भी अपनी फोटो चिपका देती है।

### दुगार्पुर में अमित शाह ने टीएमसी को घेरा

# आप दिलीप घोष को जिता दो, गुंडो को हम सीधा कर देंगे

**कोलकाता ।** सोमवार को हुगली में बस विस्फोट पर अमित शाह ने कहा कि बंगाल में भ्रष्टाचार और चुनावी हिंसा आम हो चुकी है। ममता बनर्जी डराना चाहती है। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग ने केंद्रीय बलों को तैनात किया है। तीसरे चरण के मतदान से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पश्चिम बंगाल के दुगार्पुर में चुनाव प्रचार किया। दुगार्पुर में एक रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी पर तंज करते हुए कहा कि टीएमसी के गुंडे यहं की गरीब मजदूरों की मजदूरी की उगाही करके भतीजे को देते हैं। रैली में भाजपा उम्मीदवार दिलीप घोष का समर्थन करते हुए अमित शाह ने कहा, ₹एक बार यहां से दिलीप



घोष को जिता दो, इन गुंडों को हम सीधा कर देंगे। उन्होंने टीएमसी पर कटाक्ष करते हुए कहा, ये लोग कटमनी चलाते हैं, घुसपैठ कराकर अपना वोट बैंक बनाते हैं। ममता दीदी, आपको शर्म आनी चाहिए, सरहदी राज्य में आप घुसपैठ को बढ़ावा देती हो और घुसपैठियों को अपना वोट बैंक बनाती हो। सोमवार को हुगली में बस विस्फोट पर अमित शाह ने कहा कि बंगाल में भ्रष्टाचार और चुनावी हिंसा आम हो चुकी है। ममता बनर्जी डराना चाहती है। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग ने केंद्रीय बलों को तैनात किया है। अमित शाह ने लोगों से से कहा कि उन्हें ममता बनर्जी से डरने की कोई जरूरत नहीं है। संदेशखाली मामले में फिर एक बार ममता सरकार को घेरा संदेशखाली मुद्दे पर अमित शाह ने फिर एक बार ममता सरकार को घेरा। उन्होंने टीएमसी पर धर्म के आधार पर सैकड़ों महिलाओं पर अत्याचार करने का आरोप लगाया।

**फास्ट न्यूज**

### विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के नेता पाकिस्तान की भाषा बोल रहे हैं: भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने सोमवार को विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस ('इंडिया') के नेताओं द्वारा दिए गए कुछ बयानों का उल्लेख करते हुए उन्हें राष्ट्र हित के खिलाफ बताया और विपक्ष पर पाकिस्तान की बोली बोलने का आरोप लगाते हुए लोगों को उनसे सावधान रहने को कहा। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने महाराष्ट्र कांग्रेस के नेता विजय वडेट्टीवार के उन आरोपों का हवाला दिया जिसमें उन्होंने कहा था कि आतंकवादी अजमल कसाब ने नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े एक पुलिस अधिकारी ने आतंकवाद निरोधक दस्ते के तत्कालीन प्रमुख हेमंत करकरे की हत्या की थी। सुधांशु त्रिवेदी ने इस क्रम में पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी के उस दावे का भी हवाला दिया जिसमें उन्होंने जम्मू कश्मीर में सैन्य कर्मियों पर हमले को ह्यचुनावी स्टंटह्ण बताया था। उन्होंने पांच अन्य उदाहरणों का उल्लेख किया, जिनमें पाकिस्तानी नेता चौधरी फवाद हुसैन द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आलोचना और राहुल गांधी की प्रशंसा करना तथा नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला द्वारा पाकिस्तान के पास परमाणु हथियार होने के दावे का उल्लेख शामिल है। सुधांशु त्रिवेदी ने दावा किया कि नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता अब्दुल्ला ने जो कहा वह बहुत ही चौंकाने वाला खुलासा है क्योंकि अभी तक केवल कुछ पाकिस्तानी नेताओं ने इस तरह की टिप्पणी की है।

# चुनाव में कुछ गुंडों की गर्मी बढ़ने लगती है, नतीजों के बाद शांत हो जाएगी:सीएम



**● मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को शाहजहांपुर के खुदागंज में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने मैनपुरी की घटना का जिक्र कर सपा का जमकर सियासी वार किए।**

**शाहजहांपुर ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को शाहजहांपुर के खुदागंज में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी जनसभा करने पहुंचे। मुख्यमंत्री ने भारत माता की जय और स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करते हुए भाषण शुरूआत की। उन्होंने जहां केंद्र-प्रदेश सरकार की योजनाओं को गिनाया, वहीं विपक्षी दलों पर हमला भी बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून का राज कायम करने के बावजूद चुनाव आते ही कुछ गुंडों की गर्मी बढ़ने लगती है। चुनाव परिणाम आने के बाद इन गुंडों की गर्मी धीरे-धीरे कर शांत होती जाएगी। मुख्यमंत्री योगी ने अपने 21 मिनट के भाषण में कहा कि मैनपुरी में सपा ने राष्ट्रनायक महाराणा प्रताप की प्रतिमा को अपवित्र करने का प्रयास किया। सपा के गुंडे महाराणा के भाला को तोड़ने का प्रयास करते हैं। गालीगलौज करते हैं। इन अकबर और औरंगजेब की औलादों को बताया जाना चाहिए कि यह नया भारत है, जिसमें राष्ट्र नायकों का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाता है। ऐसे ही सपा के गुंडों ने संविधान शिल्पी बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को अपवित्र करने का प्रयास किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव आते ही कुछ गुंडों का लगता है कि वे फिर से जनता पर अपना कहर ढाने लग जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव परिणाम आने के बाद धीरे-धीरे इन गुंडों की गर्मी अपने आप शांत हो जाएगी। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के शासनकाल में भारत आत्मनिर्भर और विकसित हो रहा है। पीएम मोदी के पंच प्रण का जिक्र उन्होंने कहा कि शाहजहांपुर एक ऐसा जिला है, जहां लाट साहब का जुलूस भी निकलता है। सुना है लाट साहब के जुलूस का अच्छे ढंग से स्वागत करते हैं। उन्होंने कहा कि अभी भी खुदागंज और अल्हागंज जैसे कस्बे भी यहां हैं। आजादी के अमृत महोत्सव समारोह को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने पंच प्रण की बात कही थी। बताया कि पंच प्रण में गुलामी के अंशों को समाप्त करना और विरासत के अंशों का सम्मान करना। हमें भारत और भारतीयता पर गौरव की अनुभूति होनी चाहिए। उन्होंने राम मंदिर, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और शाहजहांपुर के हनुमत धाम का जिक्र भी किया।

# मुंबई दंगा मामले में जारी हमारे निर्देशों को लागू करे महाराष्ट्र सरकार : सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को महाराष्ट्र सरकार से 1992 के मुंबई दंगों में लापता हुए लोगों के परिजनों को मुआवजा देने, मामलों का निपटान सुनिश्चित करने और पुलिस सुधार जैसे अपने निर्देशों को लागू करने को कहा। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने 4 नवंबर, 2022 के अपने फैसले में जारी निर्देशों का पालन न करने पर नाराजगी जताते हुए महाराष्ट्र के पुलिस महानिदेशक और राज्य के गृह विभाग के सचिव को न्यायमूर्ति बीएन श्रीकृष्ण आयोग की सिफारिशों पर गौर करने का निर्देश दिया और इस बारे में एक बेहतर अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने को कहा। पीठ ने कहा, "राज्य सरकार 19 जुलाई, 2024 तक एक बेहतर अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करे।" इसने इस मुद्दे पर स्वतः संज्ञान वाली याचिका पर सुनवाई के लिए 26 जुलाई की तारीख निर्धारित की। पीठ ने एक पहलू पर विचार करते हुए कहा कि वर्तमान में राज्य बल में 2.30 लाख पुलिसकर्मी हैं और उनके लिए आवास इकाइयों का निर्माण करना प्रशासन का दायित्व है।

# रांची में कई जगहों पर ईडी का छापा

### *मंत्री के निजी सचिव के घरेलू सहायक के घर से 20 करोड़ नकद बरामद*

**रांची ।** ईडी ने पिछले साल फरवरी में झारखंड ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर वींरेंद्र के. राम को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। पूछताछ में ईडी के सामने वींरेंद्र राम ने कई बड़े व्यक्तियों के साथ अपने संबंधों का भी खुलासा किया था। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड की राजधानी रांची के विभिन्न इलाकों में छापेमारी की। वींरेंद्र राम मामले में झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल के घरेलू सहायक से भारी मात्रा में नकदी बरामद की गई। नोट गिनने की मशीन को संजीव लाल के घर पर लाई जा रही है। बता दें कि अबतक 20 करोड़ से ज्याद रुपये की गिनती हो चुकी है। अधिकारियों ने बताया कि गिनती अभी भी जारी है। सूत्रों के अनुसार, नकद राशि 500 के नोटों में बरामद की गई। संजीव लाल के आवास पर स्टील के ट्रंक लाए गए हैं। बता दें कि ईडी ने पिछले साल फरवरी में झारखंड ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर वींरेंद्र के. राम को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। लंबे समय तक पूछताछ के बाद ईडी ने उन्हें गिरफ्तार किया था। पूछताछ में ईडी के सामने वींरेंद्र राम ने कई बड़े व्यक्तियों के साथ अपने संबंधों का भी खुलासा किया। जानकारी के अनुसार राम के यहां 150 करोड़ की संपत्ति मिली थी। इसके अलावा दो करोड़ के स्वर्ण आभूषण भी बरामद किए गए थे।

# उत्तराखंड में अब तक काबू में नहीं जंगलों की आग




**● उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों मे इन दिनों जंगल आग की चपेट में हैं। वनों की आग से सबसे अधिक कुमाऊं मंडल प्रभावित हुआ है। वहीं, पिथौरागढ़ वन प्रभाग में सर्वाधिक जंगल की आग की घटनाएं हुई हैं।**

**नैनीताल।** जंगल की आग से हर दिन वन संपदा को नुकसान पहुंच रहा है वनों की आग से सबसे अधिक कुमाऊं मंडल प्रभावित हुआ है। राज्य में पिथौरागढ़ वन प्रभाग में सर्वाधिक जंगल की आग की घटनाएं हुईं हैं। तराई पूर्वी, अल्मोड़ा और चंपावत वन प्रभाग में भी पचास से अधिक जंगल की आग की घटना हो चुकी है। केवल नैनीताल सोइल कंजरवेशन वन प्रभाग में कोई भी घटना रिपोर्ट नहीं हुई है। गढ़वाल मंडल की बात करें तो सर्वाधिक जंगल की आग लगने की घटना सिविल सोयम पौड़ी वन प्रभाग में हुई है। यहां 65 आग लगने की घटनाएं हुई हैं। मसूरी में भी 42 घटनाएं हुई हैं। ये इलाके हैं संवेदनशील पिथौरागढ़ वन प्रभाग में पिथौरागढ़, गंगोलीहाट, बेड़ीनाग, डीडीहाट, अस्कोट, धारचूला, मुनस्यारी रेंज हैं। इसमें डीडीहाट रेंज आग की दृष्टि से सबसे अधिक संवेदनशील है। चंपावत वन प्रभाग के अंतर्गत जिले के पाटी ब्लॉक में इस बार आग की घटनाएं अधिक हुई हैं। इस प्रभाग में भिंगराड़ा चीड़ बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण अधिक संवेदनशील बना हुआ है। अल्मोड़ा में जागेश्वर, सोमेश्वर, रानीखेत, मोहान, अल्मोड़ा, द्वाराहाट रेंज सबसे अधिक संवेदनशील हैं। कर्मियों की स्थिति पिथौरागढ़ वन प्रभाग में गंगोलीहाट और डीडीहाट में रेंजर के पद रिक्त हैं। बेड़ीनाग रेंजर को गंगोलीहाट और अस्कोट के रेंजर को डीडीहाट का भी अतिरिक्त चार्ज दिया गया है।

# मध्य प्रदेश के जबलपुर में पानी ले जा रही ट्रैक्टर ट्राली पलटने से पांच नाबालिगों की मौत

**जबलपुर।** शहर पुलिस अधीक्षक सुनील नेमा ने बताया कि यह घटना सोमवार को सुबह जबलपुर जिले के चरगवां पुलिस थाना क्षेत्र के तिनहेता देवरी गांव में हुई। उन्होंने बताया कि जिस ट्रैक्टर-ट्रॉली में बच्चे जा रहे थे, उसके पलट जाने से 10 से 15 साल की उम्र के पांच लड़कों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। नेमा ने बताया कि



ये बच्चे एक शादी समारोह के लिए ट्रैक्टर में पानी का टैंकर लेकर जा रहे थे। मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले में सोमवार की सुबह एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट जाने के कारण 10 से 15 साल की उम्र के पांच नाबालिगों की मौत हो गई और दो घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। शहर पुलिस अधीक्षक (सीएसपी) सुनील नेमा ने बताया कि यह घटना सोमवार को सुबह जबलपुर जिले के चरगवां पुलिस थाना क्षेत्र के तिनहेता देवरी गांव में हुई। उन्होंने बताया कि जिस ट्रैक्टर-ट्रॉली में बच्चे जा रहे थे, उसके पलट जाने से 10 से 15 साल की उम्र के पांच लड़कों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। नेमा ने बताया कि ये बच्चे एक शादी समारोह के लिए ट्रैक्टर में पानी का टैंकर लेकर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि चालक लापरवाही से ट्रैक्टर चला रहा था तथा नियंत्रण खो बैठा जिससे वाहन पलट गया।

# बाहुबली अनंत सिंह की नीतीश ने की खूब तारीफ

### *विधायक नीलम देवी की तरफ देखकर कही यह बातें*



**पटना।** मुंगेर में 13 अप्रैल को मतदान है। मुख्यमंत्री प्रचार करने के लिए घूम रहे हैं। ऐसे में उन्होंने ललन सिंह का प्रचार करते हुए बाहुबली अनंत सिंह और उनकी पत्नी नीलम देवी की जमकर तारीफ की है। अब यह चर्चा का विषय बना हुआ है। 13 मई को मुंगेर में लोक सभा चुनाव का मतदान है, जहां ललन सिंह एनडीए के उम्मीदवार हैं। ललन सिंह की जीत को सुनिश्चित करने के लिए उनके प्रचार कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मुंगेर संसदीय क्षेत्र के पंडारक में आयोजित चुनावी सभी में पहुंचे। उस चूनावी सभा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ मंच पर मोकामा विधायक व बाहुबली अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी भी मौजूद थी। नीतीश कुमार अपने भाषण के दौरान कहा कि बीच में थोड़ा-बहुत इधर-उधर हो गये थे लेकिन अब देखिए वह भी साथ आ गई हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बाहुबली अनंत सिंह की भी जमकर तारीफ की। तेजस्वी यादव पर साधा निशाना मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तेजस्वी यादव पर तंज कसते हुए कहा कि यह लोग पूरा गड़बड़ कर रहा था. माल कमाने के चक्कर में था, इसलिए हमने उन लोगों का साथ छोड़ दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव के बाद तो हम जांच तो करायेंगे ही। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1995 से हम लोग भाजपा के साथ हैं। बीच में दो बार हम इधर-उधर हो गये थे, लेकिन अब हम साथ साथ हैं।

# संविधान और आरक्षण खत्म करना चाहते हैं मोदी : राहुल

**मध्य प्रदेश।** कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा के नेता ने एक आदिवासी युवा पर पेशाब कर उसका वीडियो बनाया और पूरे हिंदुस्तान में दिखाया। यहां हमारे प्रत्याशी के खिलाफ लड़ने वाले कैंडिडेट के रिश्तेदार ने आदिवासी बिटिया के साथ रेप किया। मध्य प्रदेश के खरगोन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि यह चुनाव संविधान और आरक्षण बचाने के लिए है। इस देश के गरीब के पास जो कुछ भी है, चाहे आपकी जमीन हो, जल हो, जंगल हो, नौकरी हो, सब कुछ संविधान ने दिया है; अब नरेंद्र मोदी ने इसे (संविधान) बदलने का, इसे खत्म करने का मन बना लिया है। उन्होंने बड़ा वादा करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार में आने पर मनरेगा मजदूरों को 400 रुपए दैनिक मजदूरी देगी। आशा, आंगनवाड़ी की महिलाओं का आमदनी दोगुनी होगी और एक लाख रुपए महिलाओं के बैंक अकाउंट में जाएगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा के नेता ने एक आदिवासी युवा पर पेशाब कर उसका वीडियो बनाया और पूरे हिंदुस्तान में



दिखाया। यहां हमारे प्रत्याशी के खिलाफ लड़ने वाले कैंडिडेट के रिश्तेदार ने आदिवासी बिटिया के साथ रेप किया। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग चाहते हैं कि आप आगे न बढ़ पाओ और आपके बच्चे इंजीनियर-डॉक्टर न बन पाएं।ये आपका जल-जंगल-जमीन छीनना चाहते हैं। अगर हमें इनको रोकना है तो एकसाथ लड़ना होगा। ताकि आपके अधिकारों, संविधान और आरक्षण को बचाया जा सके। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि अडानी जैसे लोगों की नजर आपके जल-जंगल-जमीन पर है। पीएम मोदी, अपने मित्र अडानी को आपका जल-जंगल-जमीन सौंप देना चाहते हैं। नरेंद्र मोदी ने पहले ही हिंदुस्तान के एयरपोर्ट, पॉवर स्टेशन, पोर्ट, इन्फ्रास्ट्रक्चर, डिफेंस सेक्टर सबकुछ अडानी जैसे लोगों को दे दिया है। उन्होंने कहा कि मीडिया कहता है कि मनरेगा से लोगों की आदत बिगड़ती है। लेकिन जब अरबपतियों का कर्जा माफ होता है तो उसको यह विकास कहते हैं। लेकिन जैसे ही हमारी सरकार आएगी, हम मनरेगा मजदूरों को 400 रुपए दैनिक मजदूरी देंगे। राहुल ने साफ तौर पर कहा कि नरेंद्र मोदी आपका आरक्षण खत्म करना चाहते हैं।

# Editorial

## Nepal plays the hardball

In a recent development that has stirred regional tensions, Nepal has included certain disputed territories in its new currency notes. The move not only challenges India's sovereignty claims but also signals a significant alignment shift towards its northern neighbour, China. This seemingly innocuous act of updating currency notes has escalated into a diplomatic standoff and the growing influence of external powers in the region. The inclusion of the disputed territories, namely Lipulekh, Kalapani and Limpiyadhura, has sparked outrage in India, with officials condemning Nepal's actions as a violation of bilateral agreements and provocative steps that can further deteriorate the relations between the two countries. India has urged Nepal to respect sovereignty, return to dialogue and refrain from unjustified assertions. Earlierm the relationship between New Delhi and Kathmandu became strained following Nepal's release of a political map in mid-May 2020, which incorporated territories like Lipulekh, Kalapani and Limpiyadhura, previously depicted in India's November 2019 map. At the heart of the dispute lies historical ambiguity and differing interpretations of border demarcations. While Nepal claims that the territories rightfully belong to it based on historical treaties and cartographic evidence, India maintains control over these regions, citing its historical precedents and strategic imperatives. The dispute has simmered for decades, occasionally flaring up but never fully resolved.The present move by Nepal has a lot to do with its new political leadership which is deliberately leveraging its proximity with China to browbeat India. Besides, many other issues have also cropped up which have been a cause of concern for Kathmandu. India's Agniveer policy has also not gone down well with Nepal. What makes Nepal's move particularly noteworthy is its perceived alignment with China. Over the past few years, Nepal-China relations have strengthened considerably, fuelled by mutual economic interests and strategic cooperation. China has invested heavily in Nepal's infrastructure projects, including roads and telecommunications networks, enhancing connectivity between the two countries. Furthermore, Nepal's participation in China's Belt and Road Initiative (BRI) has deepened its economic dependence on Beijing, providing an alternative to traditional ties with India. Against this backdrop, Nepal's decision to incorporate disputed territories in its currency notes could be interpreted as a strategic gesture signalling its independence from Indian influence. It is indeed a reason to set off alarm bells in New Delhi and it should take some immediate steps to stop the drifting away of Nepal and becoming part of Chinese hegemony. It would be India's loss if Nepal also walked the Maldives' path. It is time to leverage historical India-Nepal ties and convince the new leadership that China is only going to use Nepal and suck it dry as it did many other nations.

# Delhi school bomb hoax reflects rancor

The bomb hoax received by up to 285 schools in and around Delhi, reflects the burning anger among extremists. Although the threatening message from a Quranic text was dispatched from a Russian electronic source, evidentially, the email identities were sent from Delhi, most probably from Indians. The email was most offensive to quote; "Did you real think that there would be no answer for all the evil you have done? Since childhood, the fire of jihad has been lit in our hearts, we have become this fire, Inshallah who preside over just retribution".The extremists may not realise that their nefarious activity can endanger the safety of their community. It is for the responsible section or the community to control the extremists. If they think that it is for the law-and-order authorities only to deal with such mischief, they are mistaken. The police and others can do so only much and no more. In short, it is not their function to protect the goodwill of the responsible section of the minority. If they do not do so, the Indian people almost would gain the impression the responsible section is also somewhat sympathetic towards the extremists' activity.




Remember Partition is not a forgotten chapter of India's recent history. Pakistan and Bangladesh are standing minarets of Muhammad Ali Jinnah's Two Nation Theory whereby Hindus and Muslims cannot coexist in the same country. Hardly any Hindus have been allowed to remain in Pakistan, wherein Bangladesh non-Muslims are reducing in numbers by the week. Mohandas Gandhi told Dr Syama Prasad Mookherjee and Rajkumari Amrit Kaur the day before he was assassinated that India was a secular country because the division was a territorial and not religious one. This may have been a kind human gesture to protect the minority, but it was not the truth. Most Hindus, do not believe that it was not a division based on religion. The Hindu heart believes that it was the final settlement between Hindus and Muslims. Yes, Jawaharlal Nehru, Gandhi and their followers are free to hold their views but that era has passed and a new age has dawned in India.Following in step with the moving train of time is wise and not getting stuck in the mud of the past. Here, it is also wise to remember that Europe no longer welcomes emigrants and the USA is reportedly slow and shows of much reluctance. The only open space appears to be Africa. One of the loud messages of the Israel-Hamas war in Gaza is that emigrants are no longer welcome even in a West Asian country, whether Egypt, Jordan or any other. No neighbour has lifted their fingers toward the trigger for saving the Gaza Heights. One reminded of the ghazal by Talat Mahmood "Jayein to Jayein Kahan". Mughal emperor Akbar understood clearly even as a boy it could be easy to rule India if he made Hindus who were 95 per cent of his empire safe, happy and well-treated. As a sign of his impartiality between religions, he went, for Muslims to the extreme extent of not performing sunnat or circumcision on his son Salim who rose to become Jahangir, the future emperor. This Islamic king, if he were not emperor, would have been accused of being a murtad; or apoState, fit for the death penalty. His eventual innovation was called Din-e-Ilahi. By implication, he was replacing Islam with a synthetic religion that would include people of all faiths. In practice, not a great deal happened but it was a gesture especially to the Hindus, how much he was prepared to go forward to placate their sentiments. This was not the end of his vision but in a way only the beginning. He abolished the vexatious; jaziya tax which Hindus had to pay to receive protection from the State. Whenever he conquered a Rajput territory Akbar offered the Hindu prince his territory back under the Mughal suzerainty, provided the prince was prepared to align with and even fight for the empire. That indeed was a generous gesture by not dispossessing the Rajput of the kingdom completely and ensuring him of a place in the empire. He often offered to marry a princess of the principality. If his hand was accepted, he did not ask the lady to convert to Islam. There was no better way of touching the hearts of the Rajputs. In recorded history, no Muslim conqueror was this generous.In contrast, Aurangzeb was the opposite. He went down to desecrating and demolishing Hindu temples like Vrindavan, Mathura and Banaras. Humiliating Hindus and breaking their hearts was the preferred point in his agenda. To many, it would seem that being emperor and ruling Hindu India was merely his pastime. Alamgir Aurangzeb's vicarious cruelties extended much beyond the demolition of temples. When he brought down the Kashi Vishwanath temple at Banaras, he left the western gate of the Hindu edifice as it was, so that every worshipper would be reminded of what the Mughals had done. When he desecrated the Govind Dev temple at Vrindavan, he demolished the top two floors only, leaving the bottom two for the Hindus to see and feel the humiliation. What benefit could such conduct bring to a ruler? Only Aurangzeb could have known.

# Consequences of illusionary conspiracy

After the Easter attack tragedy, there arose a chorus, delving into the search for a "mastermind" behind the barbaric attack. Known as the Easter Sunday Massacre, on 21st April 2019, eight suicide bombers detonated themselves, targeting selected places in Colombo and Batticaloa, resulting in the deaths of over 260 innocent people and



injuring hundreds more. A former Attorney General, a key figure in this discourse, ignited speculation by suggesting a possible hidden agenda. However, his evasion of the court and avoidance of investigators seeking clarification on his previous Statements only intensified suspicions. Politicians, social activists, journalists and even ordinary citizens unwittingly propagated a conspiracy theory based on prejudices and unverified media reports. From my perspective, this conspiracy theory inadvertently served a unique purpose amid the chaos and irregularities. It acted as a temporary balm, diluting the rising tide of animosity against Muslims and briefly restoring social equilibrium. Without it, the nation risked a recurrence of the 1983 ethnic riots, albeit on a larger scale. Yet, as the conspiracy theory gained traction, it altered the societal psyche, fostering normalcy among diverse ethnic groups, albeit with attempts by some to exploit the situation. What remains lamentable is that this theory misled the public and squandered an opportunity to establish a socio-legal framework for preventing future occurrences.During my conversation with Malith Jayathillake, former National List Member of Parliament and head of the Sectoral Oversight Committee on National Security appointed by then-President Maithripala Sirisena, the overlooked reality became stark. The report he presented in February 2020 outlined proposals for formulating and implementing laws to ensure national security, eradicate new terrorism and extremism by fostering unity among races and religions. Regrettably, this invaluable contribution by lawmakers was largely ignored. Jayathillake dismisses the notion of a conspiracy behind the attacks, recognising instead a meticulously planned suicide mission inspired by the ideology of the Islamic State.Concurrently, Dr Ameer Ali from Murdoch University's School of Business and Governance dispels conspiracy notions, attributing the attack to subsequent political manipulation. Yet, in probing the roots of extremism, he identifies a turning point in 1977 when the country embraced the free market. Within certain segments of the Muslim communities, exclusivism emerged, alienating inclusivism and sowing the seeds for the proliferation of extreme ideas within the societal fabric.In the aftermath of the tragedy, about a month later, I engaged in an interview with Jonah Blank, a Principal Investigator and Senior Political Scientist for RAND Corporation. Blank astutely highlighted two critical aspects of the Easter Sunday bombings in Sri Lanka. Firstly, he emphasised that the attack was a result of political negligence rather than being solely classified as an intelligence failure by various parties. Secondly, Blank pointed out that the Islamic State of Iraq and Syria (ISIS) did not choose Sri Lanka; rather, Sri Lankan extremists opted for allegiance to ISIS.Addressing the ongoing political crisis in the country, Blank remarked, "When the nation's two top officials are locked in open conflict, they can't cooperate to ensure the safety of the citizens." Despite my interview with Blank becoming a talking point in various media circles and social groups, rational arguments and factual information struggled to counter the persistence of conspiracy theories.Complicating matters further, a full four years following the tragic incident, a British television channel not only fuelled baseless speculation but later begrudgingly admitted to a shocking lack of substantial evidence backing the allegations. These unfounded claims stemmed from a lone source purportedly recruited by a United Nations agency, casting a dark shadow over the entire narrative. Amidst the discourse, I observed a political theatre unfolding, overshadowing the much-needed societal discussion. Those involved seemed more focused on accusing one another rather than earnestly seeking the truth. In the last five years since this barbaric attack, committees appointed by the President and Parliament have conducted investigations, producing lengthy reports. However, there is a noticeable absence of dialogue about future threats and the potential aftermath.The tragic events unfolded against the backdrop of a nation grappling with its political identity and leadership struggles. Blank's insights into political negligence shed light on a systemic issue that extended beyond intelligence failures. Sri Lanka's socio-political terrain, marred by internal conflicts and power struggles, created an environment ripe for extremist ideologies to take root.

# ओह...इतनी आपूर्ति, चार महीने में 1.70 करोड़ के मादक पदार्थ बरामद

**मुरादाबाद**। जिले में मादक पदार्थों की बड़ी मात्रा में खपत है। अवैध शस्त्र-शराब निर्माण-बिक्री का काम भी अच्छा है। इधर, लोक सभा चुनाव की दृष्टि से पुलिस वित्तीय वर्ष की शुरूआत से ही सतर्क रही है। इस बीच में जो कार्रवाइयां हुई हैं, उसके आंकड़ों पर गौर करेंगे तो हैरत में पड़ जाएंगे। जी हां, इन चार महीनों में पुलिस ने कुल 1.70 करोड़ के मादक पदार्थ बरामद किए हैं। इसके अलावा करीब 50 लाख रुपये की अवैध शराब पकड़ी है। यदि पुलिस सक्रिय न होती तो लोग नशे के पदार्थों को खरीदते और खरीदने के लिए रुपये की जरूरत पूरी करने को भी वह अपराध करते। इसके बाद से जरायम की दुनिया में नए अपराधियों का भी इजाफा होता



नशे में होकर भी आपराधिक घटनाएं करते। लिहाजा, इस तरह और अपराध से समाज प्रभावित होता। फिलहाल, जितने मूल्य के मादक पदार्थों को पुलिस ने बरामद कर लिया है, उससे कहीं अधिक मूल्य का सामान सप्लायर चोरी-छिपे गंतव्य स्थल पर पहुंचाने में कामयाब भी हो गए हैं। जाहिर है कि मुरादाबाद में मादक पदार्थों की तस्करी का बड़ा काम है, जो पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है। इस मामले में पूर्व में डीआइजी मुनिराज भी स्वीकार कर चुके हैं। उन्होंने एक मुलाकात में कहा था कि पड़ोस में उत्तराखंड है। यहां के सीमावर्ती जिलों से मुरादाबाद मंडल के जिलों में मादक पदार्थों की तस्करी होती है। वैसे इस तस्करी पर पुलिस ने काफी कुछ विराम भी लगाया है। आम चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के क्रम में पुलिस एक जनवरी से ही अभियान तौर पर काम कर रही थी। इस बीच में 3 मई तक पुलिस की कार्रवाई के जो नतीजे सामने आए हैं। उसके हिसाब से चरस, स्मैक व अन्य मादक पदार्थ भारी मात्रा में बरामद हुए हैं। बरामद पदार्थों का बाजार मूल्य 1,69,80,725 रुपये आकलित किया गया है। मादक पदार्थों की बिक्री में 131 मामले दर्ज एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार ने जनवरी से 3 मई तक की कार्रवाई पर चर्चा कर कहा, इस बीच में मादक पदार्थों की बिक्री में 131 मामले दर्ज किए गए हैं। इनमें 138 अभियुक्त बनाए गए हैं। इन्हें जेल भेजा गया है। इनके कब्जे से बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद हुए हैं। इसी तरह 48.45 लाख रुपये की शराब बरामद की गई है। एसपी क्राइम ने बताया कि इसी तरह अवैध शस्त्र निर्माण-बिक्री करने वालों पर कार्रवाई हुई है। 555 लोगों को जेल भेजा गया है। इनके पास 385 तमंचे, 442 कारतूस और 208 चाकू-छूरी बरामद हुआ है। सिविल लाइंस, भोजपुर, मूंढापांडे और सोनकपुर थाना पुलिस ने अवैध शस्त्र बनाने के अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई की है। अवैध शस्त्र बनाने वाली फैक्ट्रियां पकड़ी गई हैं।

## महानगर के वरिष्ठ रंगकर्मी डॉ. पंकज दर्पण दिल्ली में सम्मानित

**मुरादाबाद**। महानगर के वरिष्ठ रंगकर्मी और अपनी विशिष्ट रामलीला निर्देशन शैली के द्वारा देश में एक अलग स्थान बना चुके डॉ. पंकज दर्पण अग्रवाल को बीती रात दिल्ली में सम्मानित किया गया। श्री नृत्यञ्जलि द्वारा दिल्ली के राजघाट में राष्ट्रीय स्तर का शास्त्रीय नृत्योत्सव आयोजित किया गया था। इसमें देश भर से आई नृत्य प्रतिभाओं को प्रोत्साहित व सम्मानित करने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. पंकज दर्पण अग्रवाल को आमंत्रित किया गया था। डॉ. अग्रवाल ने इन प्रतिभाओं को अपने देश भर में होने वाले आयोजनों में मंच प्रदान करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की आयोजिका सुमिता दत्ता राय ने तथा हनुमान धाम के राष्ट्रीय मंत्री गिरीश मित्तल ने अंग वस्त्र, सम्मान पत्र, सम्मान चिन्ह तथा नकद राशि भेंट कर डॉ. अग्रवाल का सम्मान किया।

## ठेकेदार ने वाहन रोकने पर वन रक्षक को पीटा, आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**फतेहपुर**। धाता थाना क्षेत्र में चेकिंग के दौरान लकड़ी कटवाकर बेचने जा रहे ठेकेदार ने वाहन रोकने पर वन रक्षक को पीट दिया। वन दरोगा ने आरोपी के खिलाफ सरकारी कर्मचारी से मारपीट, जान से मारने की धमकी समेत कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। खखरेरू रेंज क्षेत्र में अनूप कुमार शुक्ल वन दरोगा हैं। उन्होंने बताया कि धाता लकड़ी लदी लोडर तिरपाल से ढकी आने की सूचना पर रात को रोकवाई गई। चालक से पूछताछ में पता लगा कि लकड़ी देवरार गांव से इरफान निवासी चमनगंज कस्बा मंझनपुर थाना मंझनपुर कौशांबी ने कटवा लदवाई है। गाड़ी में इरफान मौजूद मिला। पेड़ कटान व परिवहन कागजात मांगे। कागज न मिलने पर थाना धाता ले जाने लगे। उसने थाने जाने से मना किया और गाली गलौज कर मारपीट की। मारपीट में वन रक्षक अनुरुद्ध सिंह को गंभीर चोट आई। उधर, ललौली थाने के तपनी गांव में सागौन के पेड़ काटने का वन दरोगा रवींद्र कुमार की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। मौके से 30 पेड़ सागौन के अवैध रूप से काटे गए। सागौन के पेड़ रोहित सिंह के हैं। उन्होंने बिना अनुमति कटवाए हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

## महानगर के वरिष्ठ रंगकर्मी डॉ. पंकज दर्पण दिल्ली में सम्मानित

मुरादाबाद। महानगर के वरिष्ठ रंगकर्मी और अपनी विशिष्ट रामलीला निर्देशन शैली के द्वारा देश में एक अलग स्थान बना चुके डॉ. पंकज दर्पण अग्रवाल को बीती रात दिल्ली में सम्मानित




किया गया। श्री नृत्यञ्जलि द्वारा दिल्ली के राजघाट में राष्ट्रीय स्तर का शास्त्रीय नृत्योत्सव आयोजित किया गया था। इसमें देश भर से आई नृत्य प्रतिभाओं को प्रोत्साहित व सम्मानित करने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. पंकज दर्पण अग्रवाल को आमंत्रित किया गया था। डॉ. अग्रवाल ने इन प्रतिभाओं को अपने देश भर में होने वाले आयोजनों में मंच प्रदान करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की आयोजिका सुमिता दत्ता राय ने तथा हनुमान धाम के राष्ट्रीय मंत्री गिरीश मित्तल ने अंग वस्त्र, सम्मान पत्र, सम्मान चिन्ह तथा नकद राशि भेंट कर डॉ. अग्रवाल का सम्मान किया।

# स्टेटस सिंबल बन गया सोशल मीडिया

### हर गतिविधि कर रहे शेयर...साइबर ठगों की इन देशों से आ रही हैं कॉल

**मुरादाबाद**। आजकल व्यक्ति अपने जीवन की हर गतिविधि को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर शेयर कर रहा है। वह तनिक भी नहीं सोच रहा है कि उसकी गतिविधि का प्रयोग कौन किस रूप में और कहां कर रहा है। यहां तक कि अब लोग घर में शादी हो या बर्थ-डे या फिर कोई धार्मिक व अन्य आयोजन, इनकी भी सूचना लोग अपने रिश्तेदारों-मित्रों को सोशल मीडिया के जरिए ही देने लगे हैं। फिर इन आयोजनों की तस्वीरें, वीडियो आदि भी शेयर करना नहीं भूल रहे हैं। इस तरह घर की महिलाएं हों या फिर पुरुष, जो लोग फेसबुक, इंस्टाग्राम या सोशल मीडिया के अन्य प्लेटफार्म प्रयोग कर रहे हैं, उनकी संपूर्ण गतिविधि से साइबर अपराधी वाकिफ हैं। अपराधी सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं, आपकी भी आइडी पर उनकी नजर है। चूंकि, उनका काम केवल शिकार फंसना है और इसलिए वह दिनभर ऐसे लोगों को तलाश कर उनको ठगी का शिकार बना रहे हैं। जी हां, ये बातें हम नहीं बल्कि साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह कह रहे हैं। उनका कहना है कि लोगों के लिए सोशल मीडिया स्टेटस



सिंबल बन गया है...फॉलोवर्स बढ़ाने के चक्कर में यह भी नहीं देख रहे हैं कि जिसे अपने से जोड़ रहे हैं, वह कौन है और कहां का है। इंस्पेक्टर धर्मेंद्र सिंह कहते हैं कि इससे साइबर ठगी करने वालों को आसानी से पता चल जा रहा है कि संबंधित व्यक्ति किस स्टेटस वाला है। उन्होंने कहा कि हम देख रहे हैं कि साइबर ठगी का शिकार पढ़े-लिखे लोग ही बन रहे हैं। कोई गांव-देहात का व्यक्ति इस तरह की ठगी का शिकार नहीं हो रहा है। साइबर ठगी के 99 प्रतिशत मामले पढ़े-लिखे लोगों से ही जुड़े हैं, कोई डॉक्टर है तो अधिकारी या शिक्षक, ये सब साइबर ठगी के शिकार हो रहे हैं। घटना छिपाएं नहीं, बताएं...साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक ने कहा, साइबर ठगी की घटना होने पर पीड़ित अपने को हीन और कमजोर मान लेते हैं। घटना बताने में उन्हें बेइज्जती लगती है। यदि पीड़ित ऐसा करेंगे तो निश्चित ही साइबर क्राइम को बढ़ावा मिलेगा। घटना को छिपाना नहीं चाहिए, उसके बारे में जितना ही जल्दी हो साइबर थाने पर या फिर साइबर क्राइम सेल में सूचना दें। ताकि उसके बारे में कार्रवाई हो और ठगी करने वालों को सजा दिलाई जा सके। कोई अपरिचित कॉल आए तो पहले ध्यान पूर्वक देखें-समझें फिर बहुत संतुलित बातचीत करें। कंट्री कोड पर नजर रखें। यदि कोई नंबर विदेश से संबंधित है तो बेहतर होगा कि रिसीव न करें। यदि रिसीव करें तो बात करें, टेंशन में आकर घबराएं नहीं और हां यह भी ध्यान रखें कि कोई अधिकारी जैसे सीबीआइ, आइबी का हो या फिर पुलिस का, फोन पर यदि वह आपको डरा-धमका कर रुपये मांग रहा है तो निश्चित ही वह फर्जी और जालसाज व्यक्ति है, इसे समझे।

## आचार संहिता के उल्लघंन के तहत सपा प्रत्याशी डॉक्टर नवल किशोर शाक्य पर रिपोर्ट दर्ज

**फरुर्खाबाद**। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य पर एक और रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। यह रिपोर्ट भी आचार संहिता के उल्लघंन के तहत ही दर्ज की गई है। बीते दिन सपा प्रत्याशी डॉक्टर नवल किशोर शाक्य का शहर के गुरुगांव देवी मन्दिर से होकर मुख्य मार्गों पर जुलूस निकाला गया। जबकि नगर मजिस्ट्रेट के आदेश में अधिकतम 20 से 25 लोगों के शामिल होनें की अनुमति थी। जबकि जुलूस में लगभग 2 हजार से 3 हजार लोग शामिल हुए। लेखपाल कुलदीप राठौर की तहरीर पर पुलिस नें धारा 188 व लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 2005 धारा 51 से 60 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। आईपीसी की धारा 188 के तहत सजा के दो प्रावधान हैं। पहला अगर आप सरकार या किसी सरकारी अधिकारी द्वारा कानूनी रूप से दिए गए आदेशों का उल्लंघन करते हैं। या आपकी किसी हरकत से कानून व्यवस्था में लगे शख्स को नुकसान पहुंचता है। तो आपको कम से कम एक महीने की जेल या 200 रुपये जुमार्ना या दोनों की सजा दी जा सकती है। वहीं दूसरा अगर आपके द्वारा सरकार के आदेश का उल्लंघन किए जाने से मानव जीवन, स्वास्थ्य या सुरक्षा, आदि को खतरा होता है। तो आपको कम से कम 6 महीने की जेल या 1000 रुपये जुमार्ना या दोनों की सजा दी जा सकती है।

# वीजा के नाम पर दिल्ली में गंवाए रुपये, अपमानित होकर लौटे घर...आरोपी महिला ने की जालसाजी

**मुरादाबाद,**। बेटे को रोजगार के लिए सऊदी अरब भेजने के चक्कर में पीड़ित ने वीजा के नाम पर रुपये गंवा दिए हैं और जालसाजों से अपमानित होना पड़ा है। मो. शफीक बेटे मुकीम को सऊदी अरब भेजना चाहते थे। उसके लिए ऑफिस ड्राइवर वीजा के लिए वह दिल्ली में एक महिला के संपर्क में आ गए थे। वीजा में लंबी प्रक्रिया के चलते पीड़ित कई बार अकेले और बेटे के साथ ही दिल्ली गया। तमाम खर्चे हुए, लेकिन उसे ड्राइवर वीजा नहीं मिल पाया। हाउस ड्राइवर का वीजा देकर महिला ने भरोसा दिया कि बाद में देखा जाएगा। फिलहाल, इस मामले में पीड़ित पक्ष ने मुगलपुरा थाने में मामला दर्ज कराया है। आरोपी उम्मे कुलकुस करीम उर्फ शरीन




पत्नी इफ्तेखार करीम को नामजद किया है। यह महिला नई दिल्ली की रहने वाली है। पीड़ित मो. शफीक ने बताया कि वह जामा मस्जिद बरबलान में चामुंडा गली नंबर–एक के निवासी हैं। बेटे मो. मुकीम को रोजगार के सऊदी अरब भेजना चाह रहे थे। उसके वीजा के लिए उन्होंने दिल्ली के एक ऑफिस में संपर्क किया था, जहां उन्हें उम्मे कुलकुस करीम उर्फ शरीन मिली थी। इस महिला ने उन्हें भरोसा दिया था कि एक महीने में मो. मुकीम को अल मोईन कंपनी का वीजा लाकर सऊदी अरब भेज दिया जाएगा। इसमें उस महिला ने उन्हें कुल 1.10 लाख रुपये खर्च बताया था। इस पर पीड़ित पक्ष ने 48,000 रुपये उसे दिए थे। इन दिए गए रुपयों में से 20,000 रुपये मुकीम की पत्नी अर्शीराना के गूगल–पे से 28 जून 2023 को महिला के खाते में भेजे थे। खाते में रुपये पहुंचने पर आरोपी महिला ने मो. शफीक से ये कहकर उनके बेटे का पासपोर्ट ले लिया था कि जो वीजा आप चाह रहे हो, वह पासपोर्ट के अनुसार ही मिलेगा। शफीक ने बताया कि उनसे महिला ने कहा, वीजा लगते ही आपके बेटे का पासपोर्ट वापस कर देगी। फिर महिला ने फोन कर वीजा बनने की खबर दी थी। उसने शफीक से कहा था कि 13 सितंबर 2023 को आइए और पासपोर्ट व वीजा ले जाइए। मो. शफीक बेटे मुकीम के साथ दिल्ली पहुंचे थे और वहां रह रहे चचेरे भाई तसब्बुर अली को साथ लेकर महिला के ऑफिस पहुंचे। यह ऑफिस नई दिल्ली में कंसलटेंसी सराय जुलैना में है। महिला ने उनसे कहा था, आपने कंपनी ड्राइवर का जो वीजा मांगा था, उसकी व्यवस्था नहीं हो पाई है। उसके बदले हाउस ड्राइवर का वीजा दिखाकर कहने लगी कि कुछ समय तक आपको इसी वीजा पर काम करना होगा, उसके बाद फिर प्रयास करेंगे। मो. शफीक ने अपने बेटे को हाउस ड्राइवर के वीजा पर सऊदी अरब भेजने से इनकार कर दिया। जिस पर महिला ने पीड़ित पक्ष के साथ गाली–गलौज की और धक्का देकर ऑफिस से निकाल दिया। इस मामले में मुगलपुरा थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर पर आरोपी महिला के विरुद्ध एफआईआर दर्ज जांच कर कार्रवाई करेंगे।

## सड़क हादसे में बाइक सवार युवकों की मौत

**प्रयागराज**। झूसी थाना अंतर्गत शास्त्री ब्रिज पर रविवार शाम दो बाइक आपस में टकरा गई। घटनास्थल पर एक बाइक सवार की मौत हो गई। जबकि दूसरे बाइक सवार ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। हालांकि, शिनाख्त के बाद पुलिस ने मृतकों के परिजनों को हादसे की सूचना देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक, कोटवा निवासी सूर्य प्रसाद मालवीय का बेटा आनंद बाइक से शहर की तरफ आ रहा था। वहीं धनुवा गांव निवासी विमलेश अपनी बाइक से झूसी की तरफ जा रहा था। शास्त्री ब्रिज पर दोनों बाइक आपस में भिड़ गई। इस दुर्घटना में आनंद और विमलेश गंभीर रुप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने फौरन पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने दोंनो को नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया। जहां उनकी मौत हो गई। झूंसी पुल पर चल रहा मरम्मत कार्य झूसी पुल पर चल रहे मरम्मत की वजह से एक तरफ शास्त्री पुल के उत्तरी लेन के पिलरों की मरम्मत चल रहा है। रविवार को करीब चार घंटे यातायात बंद रहा। जिसको लेकर पुल पुल पर भीषण जाम लग रहा। लगा के कारण लोगों नई काफी परेशानी हुई। देर शाम तक जाम खुलवा दिया गया, जिससे लोगों को काफी राहत मिल गई। जबकि शाम को कुछ राहत मिल गई।

## ट्रेन से गिरकर संभल के युवक की मौत, हथौड़ा रेलवे क्रॉसिंग और लोदीपुर के बीच हुआ हादसा

**रोजा/शाहजहांपुर**। सोमवार तड़के हथौड़ा रेलवे क्रॉसिंग और लोदीपुर के बीच एक युवक ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप में घायल हो गया। सूचना पहुंची पुलिस ने उसे एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेज दिया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सोमवार तड़के जीआरपी को सूचना मिली कि हथौड़ा क्रॉसिंग व लोदीपुर के बीच किलोमीटर 1234/16 के पास डाउन लाइन में एक युवक घायल अवस्था में पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही हथौड़ा चौकी प्रभारी, आरपीएफ व जीआरपी मौके पर पहुंच गई। युवक की तलाशी के दौरान मिले कागजों के आधार पर आरपीएफ एसआई संजय कुमार ने बताया कि घायल अवस्था में उसे एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि मृतक का नाम कुंवर पाल पुत्र खंजनलाल निवासी केली थाना व जिला सम्भल है। जिसकी करीब 45 वर्ष बताई जाती है। मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई।

# मार्गों के किनारे पेड़-पौधों में धधक रही आग, वन विभाग बेखबर



ठाकुरद्वारा/मुरादाबाद,। उत्तराखंड के जंगलों की तरह क्षेत्र में मुख्य मार्गों के किनारे चार दिन से पेड़–पौधों में आग धधक रही है। इससे जीवों का जीवन नष्ट हो रहा है। साथ ही इन मार्गों पर गुजने वाले वाहन चलाकों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। लेकिन घटना को लेकर वन विभाग अनजान है। ठाकुरद्वारा–मुरादाबाद हाइवे, शरीफनगर–स्योहारा मार्ग, ठाकुरद्वारा–जसपुर मार्ग, ठाकुरद्वारा–रतुपुरा–करनपुर मार्ग, जसपुर रोड पर फैजुल्लागंज स्थित शिव मंदिर से लेकर सन्यासी वाला लिंक मार्ग के किनारों पर खड़े पेड़–पौधों में चार दिन आग जल रही है। इससे बड़े वृक्षों की प्रगति पर असर पड़ रहा है। पौधे, हरियाली घास जलकर नष्ट हो रही है। पेड़–पौधों पर रहने वाले पक्षियों का जीवन मुश्किल हो रहा है। वृक्षों की जड़ों में छिपे जीव जलकर मर रहे हैं। इसके बाद भी वन विभाग अंजान है। वन संपदा को नुकसान उठाना पड़ रहा है। जबकि वन विभाग की टीम ठाकुरद्वारा में तैनात है। लेकिन वन विभाग की टीम मार्गों का निरीक्षण नहीं करती। अगर मार्ग का निरीक्षण करती तो चार दिन से धधक रही आग पर वन विभाग व अग्निशमन दल की टीम आग पर काबू पा सकती थी। सोमवार सुबह नौ बजे से लेकर ठाकुरद्वारा से जसपुर जाने वाले मार्ग फैजुल्लागंज के बीच पेड़ों में देर शाम तक आग धड़कती रही। मालपुरा सन्यासी वाला लिंक मार्ग पर भी देर शाम तक आग जलती रही। लेकिन किसी ने वन विभाग व अग्निशमन दल को सूचना नहीं दी। वन क्षेत्राधिकारी रवि कुमार गंगवार ने बताया कि ठाकुरद्वारा क्षेत्र में मुख्य व लिंक मार्गों पर लोग जलती बीड़ी व सीगरेट फेंक देते हैं। गर्मी में पेड़–पौधों के पत्ते सूख जाते हैं। बीड़ी व सिगरेट से पत्ते जलने लगते हैं। आग से सड़कों के किनारे पेड़ पौधों को नुकसान होता है। हालांकि आग की घटनाओं को रोकने के लिए समय–समय पर गोष्ठी कर प्रचार अभियान चलाया जाता है। इसके बावजूद भी लोग जागरुक नहीं है। अगर वन विभाग को समय पर सूचना मिल जाती है तो टीम मौके पर पहुंचकर आग बुझा देती। मामला जानकारी में आने पर उन्होंने वन विभाग कर्मचारी को निगरानी रखने की निर्देश दिए हैं। ठाकुरद्वारा अग्निशमन विभाग के सब इंस्पेक्टर नासिर खां ने बताया कि गर्मी में आग लगने की घटनाएं होती हैं। अग्निशमन दल को सूचना मिलती है तो टीम मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने का प्रयास करती है। सड़कों के किनारे वन संपदा में आग लगने की उन्हें सूचना मिलती है तो टीम मौके पर पहुंचकर आग बुझा देती है। एक दिन पहले सूचना मिलने पर रात्रि में अग्निशमन दल की टीम ने मार्गों पर आग को बुझाने का काम किया। उन्होंने जनता से अपील की है कि कहीं भी सड़क किनारे आग लग रही हो तो वह इसकी सूचना अग्निशमन विभाग को दें।

**क्यूँ न लिखूँ सच**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।


क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

## संक्षिप्त खबरें

### बच्चों में अच्छे संस्कार पैदा करने के लिए उनको समय देना बेहद जरूरी है : जैन मुनि ज्ञेय सागर महाराज

क्यूं न लिखूं सच राकेश गुप्ता

शामली। जैन धर्मशाला शामली के कार्यक्रम में जैन मुनि ज्ञेय सागर महाराज ने कहा कि बच्चों में अच्छे संस्कार पैदा करने के लिए उनको समय देना बेहद जरूरी है। मोबाईल के युग में बच्चे और माता पिता में दूरिया बढ रही है, जिसको दूर किया जाये। शहर के जैन धर्मशाला में विराजमान जैन मुनि 108 श्री ज्ञेय सागर महाराज ने कहा कि वह शामली में अक्षय तृतीय तक रहेगे। शामली में पहली बार जैन समाज आगामी 9 मई को भव्य भक्तांबर विधान का आयोजन करेगा जिसका आयोजन जैन धर्मशाला में किया जायेगा और 10 मई को अक्षय तृतीय का कार्यक्रम बडी ही धूमधाम के साथ मनाया जायेगा। उन्होने बच्चों पर बोलते हुए कहा कि आज के युग में मोबाईल का क्रेज बढा है। अभिभावकों की लापरवाह से बच्चे मोबाईल से ज्यादा जुड रहे है, जो धर्म और संस्कार दोनों के लिए खतरा है। बच्चों को धर्म और संस्कार से जोडने के लिए मोबाईल से दूर रखे। बच्चों को अभिभावक समय दे और उनकी अच्छाई बुराई का ख्याल रखे। इस दौरान उन्होने कहा कि समाज को अच्छाई के रास्ते पर ले जाने के लिए सभी को मिलजुलकर रहना चाहिए। इस अवसर पर आलोक जैन, मोहित जैन, सचिन जैन पंकज जैन अजय जैन आदि मौजूद रहे।



### बैंक कर्मचारी के घर चोरी लाखों की चोरी

रिपोर्ट देवी पाटन मंडल ब्यूरो प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती हरदत्तनगर गिरंट थाना क्षेत्र स्थित ग्राम पंचायत फुलवरिया शाहपुर के मजरा खनवापुर निवासी शोभाराम पासवान पुत्र सन्तराम इंडियन बैंक के महरू मूर्तिहा बैंक शाखा में कैशियर के पद पर तैनात हैं। शोभाराम की पत्नी की तबीयत खराब हो गई। इस पर शोभाराम पत्नी का इलाज कराने बहराइच के एक निजी अस्पताल चले गए। वहीं घर में मौजूद बहू अपने बच्चों के साथ कमरे में सो रही थी। रात में चोरों ने घर को निशाना बनाते हुए दरवाजा तोड़ दिया और अन्दर घुस गए। इसके बाद कमरे में रखे बैग में से चार हजार नकदी समेट लिया। चोरों ने नकदी व जेवरात साथ ही कमरे में रखे बक्शे को साथ उठा ले गए। जिसमें 10 चांदी का सिक्का, एक चांदी का मैडल 100 ग्राम जो बैंक से मिला था, एक सोने की नथुनी, एक चांदी का चौन, 20 हजार रुपये नकदी व एक मोबाइल रखा हुआ था। चोर सरयू मुख्य नहर पर पहुंच कर बक्शे में से नकदी समेत सारा सामान समेट लिया और बक्से को नहर पर ही फेंक कर चले गए।

### भाजपा के प्रत्याशी सकेत मिश्रा के समर्थन में पहुच केशवराम मौर्य उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार का व उमड़ा जन सैलाब

रिपोर्ट देवी पाटन मंडल ब्यूरो प्रेमचंद जायसवाल

भारतीय जनता पार्टी लोक सभा 58 श्रावस्ती के प्रत्याशी साकेत मिश्रा ने सोमवार को अपना नमांकन बलरामपुर निर्वाचन



कार्यालय पहुंचकर कराया उनके समर्थन में भारतीय जनता पार्टी के सत्ता पक्ष के उपमुख्यमंत्री केशव राम मौर्या भी पहुंचे और वहां पर क्षेत्र वासियों का जन सैलाब उमर पाड़ा केशव राम मौर्या ने आशीर्वाद देते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को आप लोग भारी मतों से विजई बनाकर संसद तक पहुंचाएं आप लोगों का विकास हर संभव हमारी सरकार करेगी तथा सरकार द्वारा चलाई गई उपलब्धियां एवं योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दिया और कहा की भारतीय जनता पार्टी पर आम जनमानस का भरोसा है और हम विजय होकर दिल्ली को जाएंगे और श्रावस्ती का विकास बड़े में पानी पर किया जाएगा तथा श्रावस्ती के विकास में औद्योगिक विकास क्षेत्रीय जनता का विकास बेरोजगारी दूर करना और सड़कों का विकास प्राथमिकता होगा तथा शिक्षा के स्तर में सुधार लाया जाएगा।

### मीडिया कर्मी सुरक्षित नहीं है चुनाव जीतने के बाद जनता कैसे सुरक्षित रहेगी यह एक सवाल या निशान

रिपोर्टर श्याम जी कश्यप जनपद फर्रुखाबाद उत्तर प्रदेश

जहा एक ओर इंडिया गठबंधन के डॉ डॉक्टर नवल किशोर लोकसभा फर्रुखाबाद सीट से चुनाव जीतने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं लेकिन भाई समाजवादी पार्टी के कुछ छूट भईया नेता, व कुछ पार्टी के वरिष्ठ नेतागण पूरी तरह से अभी से ही गुंडई पर आमादा है, यह नेता गण मीडिया कर्मियों से ही अभद्रता कर उन्हे निशाना बना रहे हैं, ऐसे लोग पार्टी की छवि धूमिल करने में जुटे हैं, ऐसे में सवाल यह उठता है की जब मीडिया कर्मी सुरक्षित नहीं है चुनाव जीतने के बाद जनता कैसे सुरक्षित रहेगी यह एक सवाल या निशान, या तो यह सपा के कुछ नेता डॉ नवल किशोर को लोकसभा चुनाव जीताना नहीं चाहते कि वह सांसद बने, लोकसभा क्षेत्र में मीडिया कर्मियों के साथ हो रही सपा नेताओं द्वारा की जा रही अभद्रता चर्चा का विषय बनी हुई है, आम जनता में तरह–तरह के सवाल उठने लगे हैं, यदि यही हाल रहा तो सपा के कुछ नेताओं की वजह से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ नवल किशोर शाक्य को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है, अभी तक पार्टी प्रत्याशी द्वारा मीडिया कर्मियों से माफी तक नहीं मांगी गई है।



## रिसिया ब्लॉक के कई ग्राम पंचायत में फर्जीवाड़े का हुआ खुलासा , मचा हड़कंप



रिपोर्ट– अमरीक सिंह

बहराइच। विकासखंड रिसिया के अंतर्गत कई ग्राम पंचायत में बड़े पैमाने पर मनरेगा में हो रहा जमकर धन का बंदरबांट मास्टर रोल पर फर्जी लेबर चला रहे। कार्यस्थल पर एक भी मजदूर नजर नहीं आते। कागजों और फाइलों में लेबरों की प्रतिदिन हाजिरी लगाई जा रही है। सरकारी धन मनरेगा के तहत फर्जी मास्टर रोल का सिलसिला कई दिनों से चला आ रहा है। इस मनरेगा योजना में प्रधानों ने अब बना लिया खुद का रोजगार। जमीनी हकीकत को दफ़न रहे फर्जी वांडा करने वाले लोग। इन ग्राम पंचायत में मास्टर रोल फर्जीवाड़ा में खुलासा हुआ है। अचरौरा ,अलीनगर खुर्द, अमवा जौहोर सिसई , बभनी सईदा,बड़े मार,बहबोलिया महदा, बैजनाथपुर ,बगलाचक, बराईपारा, भगतापुर, भैसही , भोपतपुर चौंकी, बुलबुल नेवाज , गौरा धनौली, गोकुलपुर, गोदौरा , जमुनहा, करौंदा, करनिया, केवल पुर ,लखईया जदिद, लौकी , मदरागढी, मझौवा मुझेहना, मलुवा भकुरहा, मोहरबा, शंकरपुर लझमनपुर, नरसंडीहा , निबिया बेगमपुर, निबिया हुसैनपुर, पडरीतारा , पुरे अलस खां, पुरे रामदीन, रघुनाथपुर, रायपुर कबुला, रामबट्टी,। खुलासा होने के बाद ग्राम प्रधान व अधिकारियों में हड़कंप मचा हुआ है। खंड विकास अधिकारी विनोद कुमार यादव ने मामले में जांच की बात कही है। ।

## समिति की बैठक में शत प्रतिशत मतदान का लिया सामूहिक संकल्प

### दिव्यांग युवा समाजसेवी को भी समिति ने किया सम्मानित

बहराइच। विश्व के सबसे बड़े लोकतन्त्र के महापर्व में शत प्रतिशत मतदान के संकल्प को लेकर समाजसेवी संस्था आदर्श समाज सेवा समिति की एक जन जागरूकता बैठक बीते रविवार को देर शाम कस्बा रुपईडीहा में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति महामंत्री जगराम वर्मा व संचालन अध्यक्ष प्रतिनिधि व वरिष्ठ पत्रकार संतोष मिश्रा ने किया। मुख्य अतिथि चेयरमैन रूपईडीहा डॉव उमाशंकर वैश्य रहे। समिति जिला संरक्षक सुभाष चंद्र जैन के रूपईडीहा स्थित प्रतिष्ठान पर आयोजित इस बैठक मे लोकतंत्र के महापर्व में शत प्रतिशत मतदान करने पर चर्चा हुई तथा ष्पहले मतदान, फिर जलपानष का सामूहिक संकल्प लिया गया। तत्पश्चात समिति अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष मिश्रा द्वारा शत प्रतिशत मतदान को लेकर मतदाता शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम के अंत मे समिति द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम ष्सम्मान आपके द्वारष के तहत कस्बा के दिव्यांग युवा समाजसेवी व व्यापारी सचिन जैन को समिति द्वारा माल्यार्पण करते हुये प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। इस दौरान बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि चेयरमैन डॉव उमाशंकर वैश्य ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में शत प्रतिशत मताधिकार का प्रयोग हम सभी का अधिकार व प्रथम कर्तव्य है। बैठक में मुख्य रूप से समिति के प्रांतीय उपाध्यक्ष श्याम कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद कौसर, सचिव शेर सिंह कसौधन, संरक्षक सुभाष चंद्र जैन ष्अंकल जीष, सहित रामसूरत यादव, रामदीन गौतम, आशुतोष मिश्रा, संदीप कुमार, श्याम कुमार मिश्रा, अनुराग श्रीवास्तव, उमेश जैन, राम बारन वर्मा, सुरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय बाल्मीकि समाज प्रतिनिधि मंच ने करुणा सिंह झंझोट को राष्ट्रीय महासचिव एवं यूपी प्रभारी मनोनीत किया

क्यूं न लिखूं सच राकेश गुप्ता

शामली। शामली 6 मई 2024 प्रातः 10:00 बजे राष्ट्रीय वाल्मीकि समाज प्रतिनिधि मंच के मुख्यालय मोहल्ला पंसारियांन वाल्मिकी कॉलोनी जनपद शामली अरुणना चंचल राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय बाल्मिक समाज प्रतिनिधि मंच ने करुणा सिंह झंझोट को राष्ट्रीय महासचिव एवं उप प्रभारी पद पर मनोनीत किया और मनोनीत करने पर महिलाओं के सम्मान की लड़ाई महिलाओं को उनके हक अधिकार दिलाने एवं महिलाओं को जागरुक कर संगठनों को मजबूती प्रदान करने की आशा व्यक्त की है आज संगठन के मुख्यालय पर संगठन के मुख्य संगठन के अध्यक्ष अरविंद झंझोट ने मनोनीत पत्र सोपते हुए कहा कि आए दिन महिलाओं पर अत्याचार घरेलू हिंसाय बढ़ रही है महिलाओं के सम्मान की महिलाओं के हक अधिकार दिलाने के लिए हमारा संगठन द्वारा महिला जागरूक अभियान चलाया जाएगा और महिलाओं को अपने हक अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाएगा और पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए प्रयास किया जाएगा इसके लिए संगठन पूरी मजबूती के साथ कार्य करेगा करुणा सिंह झंझोट ने कहा कि आज महिलाओं को भी बराबरी का अधिकार बाबा भीमराव अंबेडकर जी ने दिया है महिलाओं को पुरुषों के समान महिलाओं को बराबरी का दर्जा दिए जाने का भारतीय संविधान में निहित है महिलाओं के सम्मान की लड़ाई पीड़ित महिलाओं पर आए दिन जो सोक्षण होते हैं पीड़ित महिलाओं की कोई सुनता भी नहीं है ऐसी पीड़ित महिलाओं की की कानून कारवाई भी नहीं हो पाती है ऐसी अवस्था में पीड़ित महिलाओं कि संगठन द्वारा मदद की जाएगी ऐसे पीड़ित महिलाओं को उनके हक अधिकार व सम्मान दिलाने के लिए हमारा महिला संगठन प्रयास करेगा और संगठन को ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को जोड़कर के संगठन को भी मजबूती प्रदान करेगा और संगठन ने जो मुझे जिम्मेदारी दी है उसे में पूरी निष्ठा ईमानदारी से भारतीय संविधान के अनुरूप अपने कर्तव्य का निर्वाह करूंगी उक्त अवसर पर संगठन के लोगों ने करुणा सिंह झंझोट को राष्ट्रीय महासचिव मनोनीत होने पर फूल मालाएं पहनकर मीठा खिलाकर बहुत–बहुत हार्दिक शुभकामनाएं दी है। इस अबसर पर प्रमोद कश्यप सचिन गोयल मनीष वाल्मीकि अरुण झंझोट काजल वाल्मीकि आदि शामिल रहे



## वाहन चेकिंग के दौरान पिकअप वाहन पर २३४, ००० रूपए बरामद

रिपोर्ट देवी पाटन मंडल ब्यूरो प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती प्रभारी निरीक्षक थाना सोनवा मय एसएसटी टीम द्वारा चेकिंग के दौरान पिक–अप चालक के पास से नकदी 2,34,000 रूपये बरामद किए गए निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत चेकिंग के दौरान एक गाड़ी पिक–अप संख्या न्च 46 ज 4399 की चेकिंग की गयी तो चालक विक्रम कुमार पुत्र तिलकराम निवासी गिलौला बाजार थाना गिलौला जनपद श्रावस्ती तथा साथ बैठे व्यक्ति विकास कुमार पुत्र संजय कुमार निवासी मझवलिया थाना मुफस्सिल जनपद सिवान राज्य बिहार के पास से नकदी 2,34,000 रूपये (दो लाख चौतिस हजार रुपये मात्र) रूपये रखे हुए मिले। उपरोक्त रूपयों के सम्बन्ध में गाड़ी चालक से दस्तावेज मांगे गये तो कोई दस्तावेज नही दिखा सका। बरामदगी के सम्बन्ध में आयकर विभाग को सूचना से अवगत कराते हुए थाना सोनवा पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की गई।



## अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण सभा (पंजीकृत) के तत्वाधान में आयोजित चलो गांव की ओर की एक बैठक

शामली। अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण सभा (पंजीकृत) के तत्वाधान मेंआयोजित चलो गांव की ओर की एक बैठक सनातन धर्म मंदिर ग्राम धनोरी खुर्द, मैंहुई जिसकी अध्यक्षता पंडित सुखपाल शर्मा जी सेवानिवृत अध्यापक ने की जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संगठन के राष्ट्रीय प्रभारी आदरणीय पंडित के. सी. गौड़ उपस्थित रहे स बैठक मैं ब्राह्मण समाज के उत्थान एवं समाज को एकजुट कर कैसे आगे बढाया जाये भिन्न भिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई और उपस्थित सभी विप्र बंधुओं ने अपने –अपने विचार भी रखें स संस्था के राष्ट्रीय प्रभारी पंडित के.सी. गौड ने अपने उद्बोधन मैं कहा हमें अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा तथा संस्कार दिलवाने होंगे क्योंकि शिक्षा ही समस्त समस्याओं का समाधान है स बैठक में उपस्थित समस्त विप्र बंधु यह संकल्प लें कि हम समाज को सर्वोपरि बनाने में अपना सर्वस्व न्योछावर करेंगे स संगठन का विस्तार करते हुए उपस्थित विप्र बंधुओं की सहमति और परामर्श के आधार पर पंडित राजेश कुमार शर्मा को ग्राम अध्यक्ष , पंडित विकास भारद्वाज को ग्राम अध्यक्ष ष्युवा प्रकोष्ठष ग्राम धनोरी खुर्द तथा पंडित सचिन शर्मा को ग्राम महासचिव (युवा प्रकोष्ठ ) धनोरी खुर्द के पद पर मनोनीत किया गया सबैठक में उपस्थित पंडित नारायण दत्त शर्मा सेवानिवृत्त पंडित सोहन पाल शर्मा ग्राम महासचिव ,पंडित चंद्रपाल शर्मा सेवानिवृत अध्यापक,पंडित हिमांशु शर्मा , पंडित रॉकी शर्मा पंडित विमल शर्मा, पंडित तरुण शर्मा पंडित मंगेश कुमार शर्मा , पंडित उमंग शर्मा पंडित हरि दत्त शर्मा पंडित परमानंद शर्मा पंडित इंद्रप्रकाश शर्मा , पंडित विनय शर्मा , पंडित दीपक शर्मा , पंडित योगेश कुमार शर्मा , पंडित प्रेमचंद शर्मा पंडित विनोद शर्मा , पंडित कुमारपाल शर्मा तथा अनेक सम्मानित विप्र बंधुओं ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों को निर्वाचित होने पर आत्मीय मंगलकामनाएं तथा आशीर्वाद दिया।



## 2023–2024 की परिषदीय परीक्षाओं में प्रथम ,द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त छात्रों को सम्मानित किया

क्यूं न लिखूं सच राकेश गुप्ता

शामली। शामली के वी वी इंटर कॉलेज में 2023–2024 की परिषदीय परीक्षाओं में कक्षा 10 तथा कक्षा 12 में प्रथम,द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं के लिए एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया।सम्मान समारोह में विद्यालय के संरक्षक संजय संगल, प्रबंधकारिणी के सम्मानित प्रबंधक शशांक संगल,अध्यक्ष डॉक्टर पंकज गर्ग तथा प्रधानाचार्य एस के आर्य ने सभी मेधावी छात्र छात्राओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।कक्षा 10 में नितिन को प्रथम, मनित को द्वितीय तथा विशाल को तृतीय,कक्षा 12 विज्ञान वर्ग में अमन को प्रथम,पंकज को द्वितीय तथा देव को तृतीय,कक्षा 12 साहित्यिक वर्ग में सावन को प्रथम सौरव सैनी को द्वितीय तथा कुमारी मन्तशा को तृतीय,कक्षा 12 वाणिज्य वर्ग में वैभव शर्मा को प्रथम वायु को द्वितीय तथा कुमारी सना को तृतीय,कक्षा 12 व्यवसायिक वर्ग में विजय को प्रथम शंकर चौहान को द्वितीय तथा निखिल को तृतीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया।इसी क्रम में खेलो में राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग कर विद्यालय का नाम रोशन करने पर अजय मलिक(कबड्डी),सूरज(कुश्ती) तथा कुमारी उर्वशी (शूटिंग) को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर छात्र तथा छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय की प्रबंधकारिणि के अध्यक्ष डॉक्टर पंकज गर्ग तथा प्रबंधक शशांक संगल ने प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को 5100 रुपए,द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को 3100 रुपए तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को 2100 रुपए तथा खेलों में राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करने वाले सभी छात्र छात्राओं को 5100 रुपए पुरस्कार स्वरूप देने की घोषणा की तथा लगन,मेहनत और समर्पित भाव से शिक्षा ग्रहण कर अपने उद्देश्य को प्राप्त करने का आह्वान किया। इसी क्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य एस के आर्य ने सभी मेधावी छात्रों को शुभकामनाएं दी तथा अन्य छात्र छात्राओं को उनका अनुसरण कर विद्यार्थी जीवन में उच्च स्थान प्राप्त करने का आह्वान किया। इस अवसर पर गुरुदास सिंह, कैप्टन रजनीश कुमार,दीप कुमार पांडे,प्रदीप आर्य,डॉक्टर अनुराग शर्मा,डॉक्टर अर्चना शर्मा,अर्चना सिंघल,आशा जांगिड़,शालू तोमर,नीरज,रेणु गुप्ता,अमरपाल सिंह,संजीव कुमार,तरुण निर्वाल,राहुल कुमार,नरेंद्र शर्मा मनोज कुमार,दिनेश तोमर,राजवीर सिंह,राजनाथ सिंह,विनोद कुमार,पंकज, शशिकांत, सुशील, शश्रवण,धीरज आदि सहित मेधावी छात्र छात्राओं के अभिभावक भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के चीफ प्रॉक्टर डॉक्टर मनोज शर्मा ने किया।




दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## ससुरालीजनो ने महिला के साथ मारपीट कर की थी हत्या

रिपोर्टर श्याम जी कश्यप जनपद फर्रुखाबाद उत्तर प्रदेश दबंग थाना अध्यक्ष अमोद कुमार सिंह एसपी के आदेश की



खुलेआम उड़ाते धज्जियां ससुरालीजनो ने महिला के साथ मारपीट कर की थी हत्या महिला के साथ ससुरालीजन दहेज के लिए लगातार करते थे मारपीट मायके वाले ससुरालीजनों को समझा बुझाकर मामला करते थे शांत ससुराली जनों ने महिला के साथ जमकर की थी मारपीट हुई थी मौत महिला के शरीर व चेहरे पर चोटों के थे निशान सूचना पर मायके वाले मौके पर पहुंचे महिला के मायके वालों के पहुंचने पर ससुरालीजन




मौके से हुए थे फरार मायके वालों ने ससुराली जनों के खिलाफ थाने में दी थी तहरीर 10 दिन बीतने के बाद भी थाना अध्यक्ष ने नहीं लिखी रिपोर्ट महिला के बच्चों के बयान के बाद भी थाना अध्यक्ष हत्या आरोपियों के आगे दिख रहे नतमस्तक ससुरालीजनो ने थाना अध्यक्ष अमोद कुमार पर पैसे का लेनदेन कर एफआईआर दर्ज न करने का लगाया आरोप मायके वालों ने थाना अध्यक्ष अमोद कुमार सिंह पर कई बार तहरीर बदलवाने का भी लगाया आरोप मायके वालों ने एसपी से लगाई थी न्याय की गुहार एसपी ने थाना अध्यक्ष को मुकदमा दर्ज करने के दिए थे आदेश थाना अध्यक्ष ने 10 दिन बीतने के बाद भी नहीं किया मुकदमा दर्ज मामले को दबाने में लगे थाना अध्यक्ष नवाबगंज थाना नवाबगंज क्षेत्र के महमदपुर कामरान का मामला

## एक ही रात में सियार ने छह गांवों में बोला हमला, 10 घायल

**मिजार्पुर।** संतनगर थाना क्षेत्र में एक ही रात में सियार ने छह गांवों में हमला बोलकर 10 लोगों को घायल कर दिया। सियार के हमले में घायल लोगों ने रविवार को सुबह पीएचसी पहुंचकर उपचार कराया। सियार के हमले से ग्रामीणों में दहशत है। सियार के हमले में ककरद निवासी राम सजीवन (25), नंद कुमार (30), नम्रता (13), लालापुर निवासी राधिका (12), धनेश्वरी (45), पथरौर निवासी नितिन (13), गोहिया कला निवासी ललई यादव (42), राजेश कुमार (24), देवरी कटैया निवासी रामगोविंद (32), पिउरी निवासी बनवारी (69) घायल हो गए। सभी लोग गांव में अपने-अपने घर में शनिवार की रात सोए हुए थे। उधर, प्यास से बेहाल जंगली सियार पानी की खोज में गांव-गांव भटक रहा था। सियार किसी के दरवाजे तो किसी के आंगन में घुस जा रहा था। उस दौरान जो भी सामने आया, सियार ने उस पर हमला कर घायल कर दिया। लालापुर निवासी राधिका ने बताया कि शनिवार की रात वे घर के आंगन में परिवार के सदस्यों के साथ सोई थीं। रात करीब 12 बजे सियार आंगन में रखा पानी पीने लगा। बर्तन की आवाज सुनकर नींद खुली तो कुत्ता समझकर भगाने पर सियार ने उन पर हमला कर दिया। शोर मचाने पर घर के अन्य सदस्य जगे तो उन्हें भी घर में दौड़ाकर घायल कर दिया। पीएचसी पटेहरा के डॉ. विभूति नारायण मिश्र ने बताया कि एक ही रात में छह गांवों के 10 लोगों को सियार ने काटा है। सभी को उपचार कर घर भेज दिया गया है।

## उल्टी-दस्त से वृद्धा की मौत, छह मरीज भर्ती

**चित्रकूट।** गर्मी बढ़ने से जिला अस्पताल में डायरिया से पीड़ित मरीजों की तादाद बढ़ती जा रही है। रविवार को छह मरीज भर्ती हुए हैं। अस्पताल में ओआरएस के काउंटर भी नहीं खुले हैं, जबकि दावा किया जा रहा है कि अस्पताल में मरीजों का सही इलाज करने के साथ ही पर्याप्त दवाएं उपलब्ध हैं। उल्टी-दस्त से एक वृद्धा की मौत हो गई। पुलिस को बताए बिना परिजन शव को अपने घर ले गए। जिले में दो सप्ताह से भीषण गर्मी पड़ रही है। ऐसे में उल्टी दस्त व पेट दर्द से पीड़ित मरीज जिला अस्पताल में अधिक भर्ती हो रहे हैं। तीमारदार औदहा निवासी देवीदीन, शत्रुघ्नपुरी निवासी धर्मेंद्र ने बताया कि अस्पताल में इलाज के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। कई बार बाहर से दवा लाने को मजबूर होते हैं। मऊ थाना क्षेत्र के बरवार निवासी बेलिया (70) को पुत्र राजेश ने उल्टी दस्त होने के चलते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया था। हालत गंभीर होने चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। राजापुर क्षेत्र के गुड्डू का पुरवा निवासी बब्बू (40), ब्लाक परिसर कर्वी निवासी रीना (36), ताम्रबनी निवासी उमेश का पांच वर्षीय पुत्र आशू, चकभूपत रजौला निवासी अनुसूइया का 15 वर्षीय पुत्र अनुज, कच्ची छावनी निवासी अमित कुमार का छह वर्षीय पुत्र कृष्णा व लोढ़वारा निवासी गया प्रसाद का 16 वर्षीय पुत्र राघवेंद्र को उल्टी दस्त व पेट दर्द के चलते भर्ती कराया गया। पर्याप्त मात्रा में दवाएं उपलब्ध जिला अस्पताल के डॉ. आरबी लाल ने बताया कि बासी भोजन व अशुद्ध जल का उपयोग करने से ही डायरिया की बीमारी होती है। इसमें पेट दर्द के साथ उल्टी दस्त होता है। लापरवाही करने से मौत भी हो जाती है। इसके इलाज के लिए जिला अस्पताल में कई दवाएं उपलब्ध है। ओआरएस, मेट्रोजिल, नारफ्लाक्स, ओफ्लाक्सासिन, डोमपेटीडोन, हारनिडाजाल सहित ओरएस भी पर्याप्त मात्रा उपलब्ध है। दवाओं की कमी नहीं है। सभी मरीजों का इलाज किया जाता है। जल्द खुलेगा ओआरएस काउंटर सीएमएम डॉ. वंदना श्रीवास्तव ने बताया कि गर्मी के चलते मरीजों की संख्या बढ़ रही है। अस्पताल में सभी के इलाज की पूरी सुविधा, दवा व डॉक्टर हैं। ओआरएस भी पर्याप्त मात्रा में अस्पताल में मौजूद है। अलग से काउंटर भी जल्द खुलेगा।

## नोट से वोट अगर डलबा, एक दिन तोहके पछताए के पड़ी...

**चकिया।** क्षेत्र के सिकंदरपुर शिव मंदिर पोखरा परिसर में शनिवार की शाम चंद्रप्रभा साहित्यिक संस्था की ओर से लोककवि राम जियावन दास बावला स्मृति काव्य समारोह का आयोजन किया गया। इसमें कवियों ने अपनी रचनाओं से वाहवाही लूटी। समारोह का उद्घाटन विधायक कैलाश आचार्य ने किया। सम्मेलन में सिद्धनाथ शर्मा सिद्ध ने मेरी दुनिया वीरान मत करना..., डॉ. छोटेलाल सिंह गमगीन ने नोट से वोट अगर डलबा, एक दिन तोहके पछताए के पड़ी..., राजेंद्र प्रसाद भ्रमर ने सदी 21वीं का भारत इतना शक्तिशाली है, करे गद्दार कोई साजिश फिर भी भाप जाता है... सुनाकर वाहवाही लूटी। इसी तरह डॉ. सुरेंद्र सिंह ने हिम्मत के बिना तीर व तलवार क्या होगा..., प्रियदर्शी अशोक सिंह ने भी तालियां बटोरीं। अनुराधा कृष्ण रस्तोगी ने माटी वाले गंगा, दिरिस सुहानी चंदौली के रहने राम जियावन बावला हो जहनवा जानेला... सुनाया।

# पांचाल घाट स्थित नारायण आश्रम में लोकसभा का युवा सम्मेलन युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मयंक सिंह बुंदेला की अध्यक्षता में आयोजित

रिपोर्टर श्याम जी कश्यप जनपद फर्रुखाबाद उत्तर प्रदेश

आज दिनांक 6 मई 2024 दिन सोमवार को पांचाल घाट स्थित नारायण आश्रम में लोकसभा का युवा सम्मेलन युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मयंक सिंह बुंदेला की अध्यक्षता में आयोजित हुआ जिसमें मुख्य अतिथि हरदोई के मल्लावां से विधायक आशीष सिंह उर्फ श्आशुश एवं विशिष्ट अतिथि युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी ने युवाओं को संबोधित करते हुए आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरदोई के मल्लावां से विधायक आशीष सिर्फ उर्फ आशु ने कहा केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार युवाओं के सपने को साकार करने का कार्य कर रही है देश व प्रदेश में कई वर्षों से युवाओं के साथ उपेक्षा हुई इसके कारण युवाओं ने 2014 में नरेंद्र मोदी एवं 2017 में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनाने का कार्य किया। पिछली प्रदेश की सपा सरकार में युवाओं के साथ छल करने का कार्य किया। केंद्र व प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद युवा शक्ति को सशक्त बनाने के लिए ऐतिहासिक फैसले लिए गए। भाजपा ने युवा मोर्चा के माध्यम से युवाओं की आवाज को मजबूत करने के लिए मंच देने का कार्य किया। युवाओं की समस्याओं को समाधान करने के लिए भाजपा सरकार युवाओं के साथ खड़ी हुई है जिसके साथ युवा होते हैं उसकी ही



सरकार बनती है युवा इस भारत का भाग्य विधाता है। भाजपा सरकार के केंद्र व प्रदेश में अस्तित्व में आने के बाद प्रदेश के आम जनमानस के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं बनी केंद्र की मोदी सरकार के ऐतिहासिक फैसला अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण धारा 370 की समाप्ति एवं नागरिकता संशोधन कानून लाकर देश के ढांचे को मजबूत करने का कार्य किया गया भारतीय संस्कृति की रक्षा के लिए वर्षों से लंबित राम मंदिर के निर्माण को पूर्ण करते हुए हिंदू समाज के कद को ऊंचा करने का कार्य हुआ। एक वक्त था जब प्रदेश में सपा की सरकार थी प्रदेश में बहन बेटियां मां सुरक्षित नहीं थी रात्रि 6:00 बजे के बाद मां बहन बेटियां घरों से नहीं निकलती थी लेकिन योगी सरकार बनने के बाद गुंडे और माफियाओं पर सख्त कार्रवाई की गई और सुशासन और सुरक्षा का माहौल दिया गया इसके कारण आज प्रदेश हर मोर्चे पर तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तीसरी बार सत्ता में आना आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष एवं एमएलसी प्रांशु दत्त द्विवेदी ने कहा युवा एक नए भारत का निर्माण करेगा आज का युवा ने भारत का निर्माण करने में सक्षम है और इन युवाओं के साथ नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ की ताकत जुड़ गई है कांग्रेस सपा बसपा एवं अन्य राजनीतिक दलों ने युवाओं के सपने को तोड़ने का कार्य किया। युवाओं ने जब से बीजेपी पर अपना भरोसा जताया भाजपा सरकार ने युवाओं के जीवन को खुशहाल करने का कार्य किया प्रदेश की जनता अभी भूली नहीं है जब सपा सरकार में अपराधियों और माफियाओं को संरक्षण दिया जाता था गुंडे और माफिया लखनऊ में बैठकर सरकार चलाते थे भाजपा के द्वारा उठाए गए ज्वलंत मुद्दों पर भी सपा सरकार में भाजपा कार्यकर्ताओं पर फर्जी मुकदमे लगाए जाते थे लेकिन प्रदेश में योगी सरकार बनने के बाद सुरक्षित माहौल बना है जिसके कारण तेजी के साथ प्रदेश का विकास किया जा रहा है गुंडे और माफिया को उनके सही ठिकाने पर पहुंचाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने तीसरे कार्यकाल में ऐतिहासिक फैसला लेंगे देश उनके ऐतिहासिक फसलों का इंतजार कर रहा है इसके लिए युवाओं को आगे जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करना होगा सारे विपक्षी दल एक मंच पर आकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रोकना चाहते हैं यह बादल है जिन्होंने लंबे समय तक देश व प्रदेश में शासन किया लेकिन देश व प्रदेश की तस्वीर व तकदीर नहीं बदल सके केंद्र में बीजेपी सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक मजबूत भारत की नींव रखी पूरे विश्व को भारत की ताकत का एहसास कराया भारत तेजी के साथ देश की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना। एक सशक्त और मजबूत भारत के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना आवश्यक है। जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने कहा भारत की आजादी के बाद एक ऐसे राजनीतिक दल के पास सत्ता रही जिसने केवल एक परिवार के लिए कार्य किया। देश को जोड़ने की बजाय उसके टुकड़े कर दिए धर्म के आधार पर देश का बंटवारा कर दिया गया परिणाम स्वरूप देश भ्रष्टाचार और आतंकवाद की भेंट चढ़ गया। भाजपा एक जोड़ने वाली विचारधारा को लेकर चली जिसने इस देश में राष्ट्रवाद के मुद्दे को मजबूत करते हुए देश को हर मोर्चे पर मजबूत करने का कार्य किया। लोकसभा प्रभारी अजय धाकरे ने कहा एक विकसित भारत के निर्माण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनना जरूरी है। भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने कहा प्रदेश का मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी इस चुनाव में धर्म के आधार पर वोट मांग रही है उनके नेता बड़े–बड़े मंचों से वोट जिहाद के नाम पर एक विशेष वर्ग से एकत्रित होने की बात कर रहे हैं। विपक्ष की इस घटिया राजनीति का जवाब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया है प्रधानमंत्री ने कहा है कि दलित और पिछड़ों का आरक्षण मुसलमानों को नहीं दिया जाएगा। लेकिन सपा और कांग्रेस दलित और पिछड़ों का आरक्षण काटकर मुस्लिम वर्ग को देना चाहती है ऐसी राजनीति का जवाब वोट की ताकत से दिया जाएगा। इस कार्यक्रम का संचालन युवा मोर्चा जिला महामंत्री राहुल राजपूत ने किया इस अवसर पर लोकसभा सह प्रभारी सर्वेश कठेरिया युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मयंक सिंह बुंदेला जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव युवा मोर्चा क्षेत्रीय मंत्री शिवेंद्र सिंह उर्फ भानु ने भी विचार व्यक्त किया इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा जिला महामंत्री अभय प्रताप सिंह महेंद्र कटियार एके राठौर जिला मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी कृष्ण मुरारी राजपूत आदि लोग मौजूद रहे

## काशी में मनोज सिन्हा बोले, 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनने से कोई नहीं रोक सकता

**वाराणसी।** जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि आम आदमी के सर्वांगीण विकास से 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनने से कोई नहीं रोक सकता। कहा कि देश का युवा आत्मनिर्भर और आत्मविश्वास से लबरेज है और स्वावलंबी विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए संकल्पित है। जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि 21वीं शताब्दी में स्वावलंबी भारत के सपने को साकार करने के लिए पिछले 10 वर्षों में ऐतिहासिक अभूतपूर्व कार्य हुए हैं, निश्चित रूप से देश के आम आदमी के सर्वांगीण विकास से 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनने से कोई रोक नहीं सकता। राष्ट्रीय शिक्षा नीति का सही मायने लागू होने से देश का युवा आत्मनिर्भर और आत्मविश्वास से लबरेज है और स्वावलंबी विकसित




भारत के सपने को साकार करने के लिए संकल्पित है। आज जब पूरे विश्व में युद्ध की स्थिति बनी हुई है, पूरी दुनिया भारत की ओर आशा भरी नजरों से देख रही है। महमूरगंज स्थित लॉन में सोमवार को वाराणसी नगर उद्योग व्यापार मंडल और सहयोगी संस्थाओं द्वारा '21वीं शताब्दी और स्वावलंबी भारत' विषयक संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि मनोज सिन्हा ने कहा कि आजादी के शताब्दी वर्ष में निश्चित रूप से स्वावलंबी और विकसित भारत को पुनः विश्वगुरु बनने से दुनिया की कोई ताकत रोक नहीं सकती। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी ने कहा कि भारतीय जनमानस को मानसिक रूप से स्वावलंबी बनना होगा, इसके लिए जमीनी स्तर पर कार्य करने की जरूरत है। संचालन वाराणसी नगर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजीव सिंह (बिल्लू) ने किया। बाल चिकित्सक (पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आईएमए) डॉ. अशोक राय ने भी 21वीं शताब्दी में स्वावलंबी भारत का खाका खींचा। कार्यक्रम में भारत माता की जय, वंदे मातरम्, हर हर महादेव के उद्घोष से सभागार गुंजयमान होता रहा। संगोष्ठी में व्यापारी समाज एवम समाज के हर वर्ग के लोगों के साथ बड़ी संख्या में नारी शक्ति भी शामिल रही।

## बसपा के पूर्व राज्यमंत्री भाजपा में शामिल

**चित्रकूट।** बसपा के पूर्व राज्यमंत्री रामसेवक शुक्ला कई ग्राम प्रधानों के साथ भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने कहा कि बसपा में रुपये देकर टिकट मिलता है। लोकसभा का टिकट मांगा था, लेकिन रुपये मांगने के कारण वह टिकट नहीं ले पाये। रविवार को शंकर बाजार स्थित कार्यालय में भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, सांसद आरके सिंह पटेल व जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने रामसेवक को भाजपा की सदस्यता दिलाई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि विपक्ष में अब कोई बचा नहीं है सिर्फ हवा हवाई बातें की जा रहीं हैं। आरके सिंह पटेल ने कहा कि विपक्ष के नेता भाजपा की भीड़ देखकर घबरा गए हैं। नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, डीसीबी अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, पहाड़ी ब्लॉक प्रमुख सुशील द्विवेदी, जिला पंचायत सदस्य शिवशंकर सिंह, भागवत त्रिपाठी, राजेंद्र गुप्ता व प्रेमलाल वाल्मीकि मौजूद रहे। पूर्व राज्यमंत्री की फिसली जुबान पूर्व राज्यमंत्री रामसेवक शुक्ला संबोधन में क्षेत्र के कई प्रधान और नेताओं को साथ शामिल करने की बात बता रहे थे। इसी बीच पड़ोसियों को लेकर अपशब्द बोल गए। इससे सन्न भाजपाई एक-दूसरे का मुंह देखते रहे। सांसद ने दी सफाई कुछ दिन पूर्व वायरल सोशल मीडिया पर गठबंधन को वोट देने के मामले में भाजपा सांसद आरके पटेल ने कहा कि यह 2019 का वीडियो है, जिसे तोड़मरोड कर विपक्षी प्रस्तुत कर रहे हैं। पूर्व सांसद भैरो प्रसाद के बयानों पर कहा कि कि उनके आरोप गलत हैं।

## दर्शन करने जा रहा बाइक सवार पेड़ से टकराया, मौत, दूसरा घायल

**मिजार्पुर।** मिजार्पुर-प्रयागराज मार्ग पर रविवार को सुबह विंध्याचल थाना क्षेत्र अकोढ़ी गांव स्थित चौरा माता मंदिर के पास बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें एंबुलेंस से विंध्याचल सीएचसी पहुंचाया गया। हालत गंभीर होने पर वहां से ट्रॉमा सेंटर मिजार्पुर रेफर किया गया। जहां इलाज के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई। देहात कोतवाली क्षेत्र के नकहरा गांव निवासी कल्लू गुप्ता (54) रविवार को सुबह अपनी रिश्तेदारी में लालगंज थाना क्षेत्र के गंगहरा कला गांव गए थे। वहां रिश्तेदार राम निवास (50) के साथ बाइक से विंध्याचल दर्शन करने गैपुरा से होकर जा रहे थे। बाइक राम निवास चला रहे थे। रास्ते में मिजार्पुर-प्रयागराज मार्ग पर विंध्याचल थाना क्षेत्र के अकोढ़ी स्थित चौरा माता मंदिर के पास बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में बाइक सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस से विंध्याचल सीएचसी पहुंचाया गया। वहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने ट्रॉमा सेंटर मिजार्पुर रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान कल्लू गुप्ता की मौत हो गई। थानाध्यक्ष दयाशंकर ओझा ने बताया कि बाइक पेड़ में टकराने से एक व्यक्ति की उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## काशी में आज से बदलेगा मौसम, तीन दिनों तक गरज-चमक के साथ हो सकती है बारिश

**वाराणसी।** वाराणसी में गर्मी से बेहाल लोगों को जल्द राहत मिल सकती है। कई दिनों ने गर्म



हवाओं के साथ तेज धूप से लोगों का हाल बेहाल है। चिलचिलाती धूम में लोग बाहर निकलने से कतरा रहे। इस बीच सात से 10 मई तक बूंदाबांदी के आसार हैं। काशी में भीषण गर्मी के बीच बारिश की फूहारें लोगों को राहत दे सकती हैं। जिले में मई महीने की शुरूआत ही भीषण गर्मी के साथ हुई। जो दिन-ब-दिन बढ़ती गई। उधर, बीएचयू के मौसम वैज्ञानिक प्रो. मनोज श्रीवास्तव का कहना है कि पहाड़ों पर मौसम में बदलाव का असर आज से दिखेगा। जिले में 7 से 10 मई तक तेज हवा, गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी के आसार हैं। मई के पहले सप्ताह से ही मौसम में तेजी से उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। पहले दिन अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया था, वहीं दो और तीन मई को मौसम में बदलाव और हवा में नमी की वजह से कम होकर 40 से नीचे आ गया। एक बार फिर से चार मई को मौसम ने करवट ली। दिन में गर्म हवाएं भी 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। अधिकतम तापमान 43.9 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया जो कि औसत से 3.5 अधिक रहा जबकि न्यूनतम तापमान 22.1 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। 10 साल में 5 मई का दिन रविवार को सबसे गर्म रहा। तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के करीब (43.9) पहुंच गया, जो इस सीजन का भी सर्वाधिक रहा। गर्म हवाओं और तेज धूप से लोग बेचैन हो गए। मौसम में बदलाव की वजह से तापमान का नया रिकॉर्ड बन गया।

## सात साल का टूटा रिकार्ड, पारा 44 के पार

**चित्रकूट।** सूरज के तल्ख तेवर मई के पहले ही सप्ताह में देखने को मिले। सात साल का रिकार्ड तोड़ते हुए तापमान 44.7 डिग्री तक पहुंच गया। वैसे इस साल गर्मी का यह सबसे दिन गर्म दिन भी रहा। तेज धूप के कारण बाजार में सन्नाटा छाया रहा। राहगीरों को रास्ते में हैंडपंप व अन्य स्थान पर रुककर पानी पीते देखा गया। जिले गर्मी का खासा असर देखा जा रहा है। एक पखवाड़े से तापमान 40 डिग्री से कम नहीं रहा। मई माह की शुरूआत होते ही पहले रविवार को तो हालत अधिक खराब रही। सुबह 8 बजे से तेज धूप निकलने से घरों से निकलना मुश्किल हो गया। जरूरी काम पर निकलने वाले सिर में अगौंछा डालकर निकले। दोपहर को सडकों में सन्नाटा छाया रहा। गर्मी के कारण बीमारी भी फैल रही है। जिससे जिला अस्पताल सहित सामुदायिक अस्पतालों में मरीजों की संख्या अधिक देखी गई। तुलसी कृषि विज्ञान केंद्र गनीवां के मौसम वैज्ञानिक डॉ. मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि रविवार को 44.7 डिग्री अधिकतम तापमान रहा। न्यूनतम 29 डिग्री रहा। बताया कि यह तापमान सात साल पहले मई माह में 44 को पार किया था लेकिन इस बार यह पहले ही सप्ताह में हो गया है।

## ओजस्वित, अनुष्का व आयुषी को 10वीं में मिले 99 .4 फीसदी अंक

**कानपुर।** काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन ने कक्षा 10वीं और 12वीं का रिजल्ट जारी कर दिया है। काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआईएससीई) ने सोमवार 06 मई को कक्षा 10वीं और कक्षा 12वीं के परिणाम घोषित कर दिए हैं। कानपुर में वीरेन्द्र स्वरूप किदवई नगर की आयुषी बघेल को 10वीं में 99.4 फीसदी अंक मिले हैं। वहीं चिंटल्स की अनुष्का गुप्ता को भी 10वीं में 99.4 फीसदी अंक मिले हैं। शीलिंग हाउस के



ओजस्वित को भी 10वीं में 99.4 फीसदी अंक मिले हैं। 12वीं में किदवई नगर स्थित वीरेंद्र स्वरूप की इशिता गंगवार ने 97.25 फीसदी और ऋषभ शुक्ला ने 97.25 फीसदी अंक हासिल किए हैं। आईसीएसई बोर्ड 12वीं में द चिंटल्स स्कूल की प्रतिष्ठा सचान ने 99 फीसदी अंक हासिल कर शहर में टॉप किया है। प्रतिष्ठा के पिता क्रांति कुमार और मां मनीषा सचान सरकारी टीचर हैं जो की फतेहपुर जिले में तैनात हैं। प्रस्तिष्ठा ने कहा कि मैं अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने स्कूल के शिक्षकों और माता-पिता को देती हूं, क्योंकि उन्होंने कभी भी पढ़ाई को लेकर मुझ पर दबाव महसूस नहीं होने दिया। हाई स्कूल में 99.4% अंक प्राप्त करने वाली द चिंटल्स स्कूल की दसवीं की छात्रा अनुष्का गुप्ता ने बताया कि रोज-रोज का अभ्यास करने के बाद ही यह सफलता हासिल हुई है। इस सफलता के पीछे मेरे पिता अनुज गुप्ता, मां अंजली गुप्ता और बड़ा भाई प्रखर का सबसे बड़ा योगदान है।

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड मध्य प्रदेश, दिल्ली, बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर, जिला ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

# गोंडा लोकसभा सीटः दादा की पोती राजा की मुसीबत

**लखनऊ।** अर्से से गोंडा संसदीय सीट की नुमाइंदगी रियासत व विरासत के बीच घूम रही है। इस बार भी ऐसा ही लग रहा है। गोनार्द की तपोभूमि और तुलसीदास की जन्मस्थली गोंडा का सियासी पारा चढ़ा हुआ है। बेनी बाबू की पोती के सामने विरासत बचाने की चुनौती है तो भाजपा के सामने सीट पर काबिज रहने की। रियासत और विरासत की जंग बहुत रोमांचक हो गई है।पांचवे चरण के मतदान से पहले बीते बुधवार को 40 डिग्री तापमान में गठबंधन से सपा प्रत्याशी श्रेया वर्मा के नामांकन सभा में जमीनी स्तर पर इंडिया गठबंधन और पीडीए की एका साफ झलकी। लोग बोल रहे थे कि इस बार लड़ाई तगड़ी है। भाजपा सपा कांग्रेस गठबंधन को प्रस्तकर पाएगी या नतीजा चौकाने वाला आयेगा। बदलाव प्रकृति का नियम है और बेनी बाबू की पोती में कूबत तो है। बाकी मतदाताओं की मर्जी। गोंडा जिले की उतरौला, गौरा, मनकापुर और मेहनौन विधानसभा क्षेत्रों में राजनीतिक दबदबा कायम रखने वाले राजघराने को तीसरी बार उम्मीदवार बनाये जाने से चुनाव दिलचस्प हो गया है। गोंडा में ब्राह्मण, ठाकुर, मुस्लिम व कुर्मी वोटरों का खास असर है। पक्ष-विपक्ष दोनों ही के अपने-अपने कोर वोटर के साथ समीकरण हैं। दलित वोटर यहां 2 लाख से अधिक हैं। इस लोकसभा क्षेत्र की पांचों विधानसभा सीटों उतरौला, मेहनौन, गोंडा, मनकापुर सु. और गौरा पर भाजपा काबिज है। जीत की हैट्रिक लगाने के लिए भाजपा ने फिर कीर्तिवर्धन सिंह पर दांव लगाया है। इंडिया गठबंधन से सपा उम्मीदवार श्रेया वर्मा सामने है। श्रेया वर्मा के दादा और पूर्व केंद्रीय इस्पात मंत्री स्व. बेनी प्रसाद वर्मा का गोंडा ,बाराबंकी ही नहीं पूरे सूबे के कुर्मी मतदाताओं पर गहरा असर रहा है। उन्होंने 2009 में यहां कीर्तिवर्धन सिंह को पटखनी दी थी। बेनी प्रसाद वर्मा की यादें यहां के जनमानस में जिस तरह से रची बसी है, उससे हवा का रुख बदल जाये तो चौकने की जरूरत नहीं।यहाँ के लोग बताते हैं कि बेनी बाबू ने चुनाव जीतने के बाद गोंडा को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई। केन्द्रीय इस्पात मंत्री रहते स्टील प्लांट की आधारशिला रखी। कई मुख्य मार्ग और सम्पर्क मार्गो का निर्माण कराया, जिस पर फर्राटे भरते वाहन विकास के गवाह हैं। उतरौला में आईटीआई, कुतुबगंज में निमार्णाधीन आईटीआई व सैकड़ों बच्चों को पढ़ने के लिए सोलर लालटेन, सैकड़ोंविद्यालयों को आर्थिक अनुदान उनकी देन हैं। बेनी बाबू के कराए विकास कार्य श्रेया की ओर ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। सपा प्रत्याशी श्रेया वर्मा को भाजपा प्रत्याशी कीर्तिवर्धन सिंह राजा भईया कड़ी चुनौती दे रहे हैं तो बसपा प्रत्याशी सौरभ कुमार मिश्रा भाजपा के ब्राह्मण वोटरों में सेंधमारी कर सकते हैं। गोण्डा संसदीय क्षेत्र में पिछड़े, दलित व मुस्लिम वोटर एकजुट हुए तो रिजल्ट कुछ हैरतअंगेज हो सकता है। श्रेया वर्मा मिलनसार हैं, घर घर मे घुसकर माताओ बहनों का स्नेह प्राप्त कर रही है। 18वीं लोकसभा चुनाव में विपक्षी पाटियों के धुरंधरों को ओबीसी, मुस्लिम व अन्य वोटो के सहारे धराशायी करने वाले बेनी बाबू की पौत्री श्रेया वर्मा कीर्तिवर्धन सिंह राजा भैया को कड़ी टक्कर दे रही है। राजा भैया तीसरी बार दिल्ली का सफर तय करने का दावा कर रहे है। देखना है कि भाजपा इंडिया गठबंधन को गच्चा दे पाएगी या फिर नतीजा कुछ नया और बड़ा होगा।खैर 20 मई को वोटर अपना फैसला सुनायेंगे और निर्वाचन आयोग 04 जून को मतगणना के बाद सर्टिफिकेट जारी करेंगे।

# सद्भावना दिवस के रूप में मनाई गई चौ.अजित सिंह की पुण्यतिथि

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के सूबाई दफ्तर में किसानों के प्रेरणा स्त्रोत एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. चौधरी अजित सिंह की तृतीय पुण्यतिथि सदभावना दिवस के रूप में मनाई गयी। इस अवसर पर रालोद नेताओं और पदाधिकारियों ने चौधरी साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर अपने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। एक विचार गोष्ठी का आयोजन राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे की अध्यक्षता में किया गया तथा संचालन व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने किया।गोष्ठी को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने चौधरी अजित सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि ‟लगा सका न उसके कद का कोई अंदाजा, वह आसमां था लेकिन सर झुकाकर चलता था‟। चौधरी साहब जीवन भर, किसानों, कामगारों, मजदूरों, गरीबों और शोषित समाज के लिए सड़क से लेकर संसद तक संघर्ष ही करते रहे। उन्होंने किसानों के लिए उल्लेखनीय कार्य किये, उन्होंने चीनी मिलों की दूरी 40 किलोमीटर से घटाकर 15 किलोमीटर करने, प्रदेश में नई चीनी मिलों की स्थापना तथा कृषि पर आयकर लगाने का पूर्ण विरोध किया था, उन्होंने किसानों की बदहाली को समझने के लिए मेरठ से लखनऊ तक पैदल यात्रा की। आज हम सब उनके विचारों को अपनाते हुए उनके सपनों को पूरा करने का संकल्प लें यही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुय राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा ने कहा कि राजनीति में उनके जैसा व्यक्तित्व बहुत ही कम देखने को मिलता है। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन किसानों के हितों के लिए समर्पित कर दिया जिससे आज भी वह किसानों के दिलों में जिंदा है।

# तीसरा चरणः दस लोकसभा सीटों पर आज होगा मतदान

### योगी के दो मंत्रियों और अखिलेश की फैमिली के तीन सदस्यों के भाग्य का होगा फैसला

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे फेज की वोटिंग कल 7 मई को होगी।निर्वाचन आयोग ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान होगा।योगी कैबिनेट के दो मंत्रियों और अखिलेश यादव के परिवार के तीन सदस्यों का भाग्य ईवीएम में कैद हो जायेगा जो 4 जून को मतगणना के साथ सामने आयेगा। इस चरण में उत्तर प्रदेश की 10 सीटों पर वोट डाले जाएंगे।इस चरण में संभल, हाथरस, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा बदायूं, आंवला, आगरा और बरेली शामिल है।चुनाव के नतीजे 4 जून को आएंगे।इस चरण में यूपी सरकार के 2 मंत्री किस्मत आजमा रहे हैं। इस फेज में अखिलेश यादव की फैमिली के 3 सदस्य मैदान में है।बदायूं लोकसभा सीट से शिवपाल यादव के बेटे आदित्य यादव को समाजवादी पार्टी ने उम्मीदवार बनाया है जबकि बीजेपी ने दुर्विजय सिंह शाक्य को मैदान में उतारा है।बीएसपी ने इस सीट पर मुस्लिम खां को उम्मीदवार बनाया है।सपा ने फिरोजाबाद सीट से अखिलेश यादव के चचेरे भाई और प्रोफेसर रामगोपाल यादव के बेटे



अक्षय यादव को उम्मीदवार बनाया है। बीजेपी ने विश्वदीप सिंह को मैदान में उतारा है।बहुजन समाज पार्टी ने पूर्व मंत्री चौधरी बशीर को उम्मीदवार बनाया है।समाजवादी पार्टी ने अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव को मैनपुरी लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है। बीजेपी ने जयवीर सिंह को उतारा है।इस सीट से बीएसपी ने शिव प्रसाद यादव को मैदान में उतारा है। संभल लोकसभा सीट पर वोटिंग होगी।सपा ने जियाउर्रहमान बर्क को मैदान में उतारा है।जियाउर्रहमान बर्क पूर्व सांसद शफीकुर्रहमान बर्क के पोते हैं।इस सीट पर बीजेपी ने परमेश्वरलाल सैनी को उम्मीदवार बनाया है।।बीएसपी की तरफ से शौलत अली ने नामांकन दाखिल किया है।हाथरस सीट से बीजेपी ने अनूप वाल्मीकि को उतारा है जबकि समाजवादी पार्टी ने जसवीर वाल्मीकि को मैदान में उतारा है।बहुजन समाज पार्टी ने हेमबाबू धनगर को उम्मीदवार बनाया है। इस सीट पर मौजूदा सांसद बीजेपी के राजवीर सिंह दिलेर हैं,लेकिन बीजेपी ने उम्मीदवार बदल दिया है।आगरा लोकसभा सीट ने बीजेपी ने मौजूदा सांसद एसपी सिंह बघेल को मैदान में उतारा है जबकि समाजवादी पार्टी ने सुरेश चंद्र कर्दम को उम्मीदवार बनाया है।बहुजन समाज पार्टी ने इस सीट से पूजा अमरोही को उम्मीदवार बनाया है।फतेहपुर सीकरी लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी ने प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल को उम्मीदवार बनाया है,जबकि बीजेपी ने मौजूदा सांसद राजकुमार चाहर को मैदान में उतारा है। चाहर ने 2019 आम चुनाव में 4 लाख से ज्यादा वोटों से जीत दर्ज की थी। बीएसपी ने राम निवास शर्मा को उम्मीदवार बनाया है।लोकसभा चुनाव के तीसरे फेज में एटा में भी वोटिंग होगी। इस सीट पर समाजवादी पार्टी ने देवेश शाक्य को उम्मीदवार बनाया है जबकि बीजेपी ने मौजूदा सांसद राजवीर सिंह को मैदान में उतारा है।राजवीर सिंह 10 साल से सांसद हैं।बहुजन समाज पार्टी ने इस सीट से मशहूर वकील मोहम्मद इरफान को उम्मीदवार बनाया है।आंवला लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी ने नीरज मौर्य को उम्मीदवार बनाया है जबकि भारतीय जनता पार्टी ने मौजूदा सांसद धर्मेंद्र कश्यप को मैदान में उतारा है।बहुजन समाज पार्टी ने सैयद आबिद अली को उम्मीदवार बनाया है।पिछले चुनाव में धर्मेंद्र कश्यप ने एक लाख से ज्यादा वोटों से बीएसपी की रुचि वीरा को हराया था। बरेली लोकसभा सीट से बीजेपी ने मौजूदा सांसद संतोष गंगवार का टिकट काट दिया है। संतोष गंगवार 8 बार सांसद रहे। बीजेपी ने छत्रपाल सिंह गंगवार को उम्मीदवार बनाया है जबकि समाजवादी पार्टी ने प्रवीण सिंह ऐरन को मैदान में उतारा है।

